CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2021-23

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -46 | राजनांदगांव, सोमवार 01 जनवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## गर्भगृह में विराजने वाली रामलला की प्रतिमा फाइनल-51 इंच की खड़ी प्रतिमा होगी; कर्नाटक के नीले पत्थर से की गई है तैयार

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का चयन रविवार को कर लिया गया। 29 दिसंबर (शुक्रवार) को हुई बैठक के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने 3 प्रतिमाओं पर अपना मत लिखित रूप से महासचिव चंपत राय को दे दिया था।

चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में रामलला की 51 इंच लंबी प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसमें रामलला 5 साल के बाल स्वरूप में होंगे। प्रतिमा में रामलला को खड़े हुए दिखाया गया है। प्रतिमा ऐसी है जो राजा का पुत्र लगे और विष्णु का अवतार लगे। गर्भगृह में रामलला कमल के फूल पर विराजमान होंगे। कमल के फूल के साथ उनकी लंबाई करीब 8 फीट होगी। अभी इस प्रतिमा की फोटो जारी नहीं की गई है। राममंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर 18 दरवाजे हैं। इनमें 14 दरवाजों पर सोने की परत चढ़ाई जा रही है। गाजियाबाद के ज्वेलर्स इस काम को कर रहे हैं।

### नीले पत्थर की प्रतिमा का चयन

सूत्रों की मानें तो नीले पत्थर से रामलला की प्रतिमा तैयार की गई है। मूर्तिकार योगीराज की बनाई प्रतिमा का चयन किया गया है। बताया जा रहा है कि रामलला की



तीन प्रतिमाओं का निर्माण 3 मूर्तिकारों गणेश भट्ट, योगीराज और सत्यनारायण पांडेय ने तीन पत्थरों से किया है। इसमें सत्यनारायण पांडेय की प्रतिमा श्वेत संगमरमर की है। जबकि शेष दोनों प्रतिमाएं कर्नाटक के नीले पत्थर की हैं। इसमें गणेश भट्ट की प्रतिमा दक्षिण भारत की शैली में बनी थी। इस कारण अरुण योगीराज की प्रतिमा का चयन किया गया है।

### मैसूर महल के कलाकारों के परिवार से आते हैं योगीराज

रामलला की प्रतिमा तैयार करने वाले 37 साल के अरुण योगीराज मैसूर महल के कलाकारों के परिवार से आते हैं। उन्होंने 2008 में मैसूर विश्वविद्यालय से स्क्क किया, फिर एक निजी कंपनी के लिए काम किया। इसके बाद उन्होंने प्रतिमाएं बनानी शुरू की। हालांकि प्रतिमाएं बनाने की तरफ उनका झुकाव बचपन से था। क्क्रमोदी भी उनके काम की तारीफ कर चुके हैं। योगीराज ने ही जगद्गुरु शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा का निर्माण किया था। उन्होंने ने ही शंकराचार्य की प्रतिमा बनाई थी, जिसे केदारनाथ में स्थापित किया गया है।

अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में प्रतिमा के चयन को लेकर ट्रस्ट के लोगों ने चंपत राय और महंत नृत्य गोपाल दास को अंतिम अधिकार देकर अपना मत उन्हें सौंप दिया था। चयन से पहले ट्रस्ट के लोगों ने रामलला की तीनों प्रतिमाओं को करीब से देखा था। मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नई प्रतिमा के साथ ही पुरानी प्रतिमा को भी प्रतिष्ठित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार नई प्रतिमा को अचल प्रतिमा कहा जाएगा, जबकि पुरानी प्रतिमा उत्सव प्रतिमा या चल प्रतिमा के तौर पर जानी जाएगी। साथ ही कहा जा रहा है कि बाद में उत्सव प्रतिमा को श्रीराम से जुड़े सभी उत्सवों में विराजमान किया जाएगा। वहीं नई प्रतिमा गर्भ गृह में भक्तों के दर्शन के लिए विराजमान रहेगी।

## अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत गैरकानूनी घोषित

नई दिल्ली। अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया गया है। अमित शाह ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के तहतआतंकवाद के खिलाफ जी की जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत, भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को तुरंत विफल कर दिया जाएगा।' रविवार को जम्मू कश्मीर में तहरीक-ए-हुर्रियत को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया गया है। इस संगठन को गृह मंत्रालय ने यूएपीए अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी घोषित किया है। इसकी पुष्टि गृहमंत्री अमित शाह ने की है। यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामी शासन स्थापित करने




की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल था ।

### घाटी में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप

उन्होंने आगे कहा कि इस ऑर्गनाइजेशन को भारत के विरुद्ध प्रचार करने और जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों में भी शामिल पाया गया है। इससे पहले सरकार ने डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी और मुस्लिम लीग को यूएपीए के तहत गैरकानूनी घोषित किया था। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, तहरीक-ए-हुर्रियत, जम्मू-कश्मीर को यूएपीए के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित किया गया है। यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में शामिल है। यह समूह जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए भारत विरोधी प्रचार फैला रहा है और आतंकवादी गतिविधियां जारी रख रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के तहतआतंकवाद के खिलाफ जी की जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत, भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को तुरंत विफल कर दिया जाएगा।'

## राम मंदिर, सीएम योगी और एसटीएफ चीफ को मिली बम से उड़ाने की धमकी, मिले धमकी भरे मेल

अयोध्या। 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर तैयारियां भी अपने अंतिम चरण में। कुचब दिनों पहले सीएम योगी ने अयोध्या में सुरक्षा का मुआयना करते हुए हाईलेवल मीटिंग भी की थी। अब इसी बीच मेल के जरिए श्रीराम मंदिर, सीएम योगी और एसटीएफ चीफ को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

ये धमकी भरा मेल भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को मिला। साथ ही उन्हें भी मारने की धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, धमकी भरा मेल भेजने वाले ने खुद को आईएसआई से जुड़ा बताया है। यूपी-112 के इंस्पेक्टर की तहरीर पर लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मामले को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। यूपी पुलिस के साथ-साथ एटीएस की टीम को भी मामले की जांच में शामिल किया गया है। दोनों टीम मेल भेजनेब वाले को ट्रेस कर रही है।

बता दें, मामले को लेकर एफआईआर यूपी-112 में तैनात इंस्पेक्टर सहेंद्र कुमार ने दर्ज की है। एफआईआर के अनुसार, भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने ट्विटर पर इस धमकी भरे मेल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए यूपी-112 को टैग किया, जिसमें बताया कि जुबेर खान नाम के आरोपी की तरफ से उनको 27 दिसंबर की शाम 7 बजकर 37 मिनट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अरब सागर में बढ़ते ड्रोन हमलों के बीच भारतीय नौसेना ने तैनात किया नेवल टास्क ग्रुप

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं के बाद भारतीय नौसेना ने उत्तर व मध्य अरब सागर और अदन की खाड़ी में निगरानी बढ़ा दी है. नौसेना ने बताया कि समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने और किसी भी हमले की स्थिति में व्यापारिक जहाजों की मदद करने के लिए नेवल टास्क ग्रुप को तैनात किया गया है. नौसेना ने कहा कि वह हिंद महासागर में नए सुरक्षा खतरों की जांच के लिए तटरक्षक बल के साथ मिलकर काम कर रही है.

विध्वंसक और फ्रिगेट के अलावा, नौसेना ने मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और समुद्री



गश्ती विमान भी तैनात किए हैं. भारतीय नौसेना का यह कदम एक व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो पर भारतीय समुद्र तट से 400 किमी दूर हुए एक ड्रोन हमला के बाद आया है. वहीं भारतीय नौसेना के विस्फोटक आयुध रोधी दल ने अरब सागर में ड्रोन हमले का सामना करने वाले लाइबेरिया के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो के सोमवार को मुंबई पहुंचने पर उसका विस्तृत निरीक्षण किया.

वाणिज्यिक जहाजों पर हाल के हमलों के मद्देनजर, नौसेना ने क्षेत्र में अपनी प्रतिरोधक उपस्थिति बनाए रखने के लिए युद्धपोत आईएनएस मोर्मुगाओ, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता को तैनात किया है. नौसेना अधिकारियों ने कहा कि लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान पी8आई को भी लगाया गया है. अधिकारी ने बताया कि अरब सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर बढ़ते हमलों के मद्देनजर क्षेत्र में तीन निर्देशित मिसाइल विध्वंसक तैनात किए गए हैं. अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा था कि एमवी केम प्लूटो ''ईरान की ओर से छोड़े गए ड्रोन हमले'' की चपेट में आया था.




## छत्तीसगढ़ में नए साल से फिर बरसेंगे बादल

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम बदल सकता है. इस बार नया साल 2024 में बारिश पड़ सकती है. खास तौर पर उत्तर छत्तीसगढ़ सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में 1 जनवरी को बारिश होगी. पश्चिम विक्षोभ के चलते हल्की बारिश और बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं. दो से तीन दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है. प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 8.4 डिग्री दर्ज किया गया. वही रायपुर में न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री दर्ज किया गया. शनिवार को प्रदेश का मौसम ड्राई रहने की संभावना है.

शुक्रवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री. माना एयरपोर्ट पर अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री. बिलासपुर का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री. अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री. जगदलपुर का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री. दुर्ग का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 13.02 डिग्री. राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री दर्ज किया गया.

## 43 संदिग्धों की पहचान, 50 से ज्यादा छापा, यूएस लंदन-कनाडा में भारतीय दूतावास पर अटैक को लेकर NIA का एक्शन

नई दिल्ली। अमेरिका, लंदन और कनाडा में इसी साल मार्च और जुलाई के महीने में भारत के दूतावास को निशाना बनाया गया था. इस मामले में जांच एजेंसी NIA ने अब तक 43 संदिग्धों की पहचान की है. एनआईए ने क्राउड सोर्सिंग के जरिए संदिग्धों की पहचान की है. NIA ने भारत में अब तक 50 से ज्यादा रेड की हैं और 80 लोगों से पूछताछ की है. इस मामले में NIA ने गृह मंत्रालय के आदेश पर केस दर्ज किया था.



इस साल 19 मार्च में लंदन और 2 जुलाई को सैन फ्रांसिस्को में खालिस्तानियों ने भारतीय दूतावास पर 2 बार हमले किए थे. लंदन में भी 19 मार्च को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान भारतीय दूतावास पर खालिस्तानी तत्वों ने हमला किया था. इन दोनों मामलों की जांच एनआईए कर रही है. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने भारतीय दूतावास पर आपराधिक अतिक्रमण, बर्बरता, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, दूतावासकर्मियों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश, आगजनी के आरोप में मामला दर्ज किया है.

एनआईए की एक टीम ने आगजनी और बर्बरता की घटनाओं की जांच के लिए अगस्त 2023 में सैन फ्रांसिस्को का दौरा किया था. एनआईए ने कहा कि उसने इन हिंसक घटनाओं में शामिल अमेरिका स्थित संस्थाओं और व्यक्तियों की पहचान करने और उनके बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए क्राउड सोर्सिंग जानकारी जुटाई है. इनमें हमलावर और उनके कई सहयोगी शामिल हैं.

## 13 आइएएस को मिली पदोन्नति, चार बने एसीएस, सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

रायपुर (दावा)। राज्य शासन ने नौ अन्य अधिकारियों को विशेष सचिव से सचिव के वेतनमान पर पदोन्नत किया है। इनमें भीम सिंह, राजेश सिंह राणा, शिखा राजपूत तिवारी, महादेव कावरे, नरेन्द्र कुमार दुग्गा, श्याम लाल धावड़े, शारदा वर्मा, नीरज कुमार बनसोड (अभी दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर) और सत्यनारायण राठौर का नाम शामिल है।




नए वर्ष पर विष्णुदेव साय सरकार ने प्रदेश के 13 आईएएस अधिकारियों को पदोन्नत किया है। इनमें 1994 बैच के चार आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त मुख्य सचिव(एसीएस) के वेतनमान पर पदोन्नत किया गया है। इनमें प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ जो कि छत्तीसगढ़ में ही कार्यरत हैं और तीन अन्य अधिकारी ऋचा शर्मा, निधी छिब्बर, विकासशील शामिल हैं। ये तीनों अधिकारी फिलहाल दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर हैं। इन्हें भी एसीएस पद पर प्रोफार्मा पदोन्नति मिली है। मनोज पिंगुआ को पदोन्नत के बाद यथावत ही रखा गया है। उनके पास गृह, जेल, प्रमुख आवासीय आयुक्त (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोहन यादव की पुलिस ने उतरवाए 27,000 लाउडस्पीकर, सीएम बनते ही दिया था कार्रवाई का निर्देश

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर को शपथ लेने के बाद पहला आदेश निर्धारित मापदंड से अधिक ध्वनि करने वाले विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध कार्रवाई का दिया था। पुलिस ने बीते 17 दिनों में पूरे प्रदेश में तेज आवाज से बजने वाले 27,000 लाउडस्पीकर हटवा दिए, पुलिस को यह पता नहीं है कि हटाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के आवाज की तीव्रता मापदंडों से अधिक थी या नहीं।



यह जरूर राहत देने वाली बात रही कि आपसी सहमति से प्रदेश भर में सारी कार्रवाई हुई, जिससे कहीं भी विवाद की स्थिति नहीं बनी। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर मुख्यमंत्री के इस निर्णय की चर्चा भी हुई। दरअसल, इस काम में लगे पुलिसकर्मी अपने मोबाइल पर ध्वनि की तीव्रता मापने वाले एप इंस्टाल कर इसे माप रहे हैं पर यह नहीं कहा जा सकता कि इसके आंकड़े कितने विश्वसनीय हैं। कार्रवाई के लिए बनने वाले उड़नदस्ता में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के विज्ञानियों को भी रहना था पर कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण वह पुलिस-प्रशासन के साथ नहीं जा रहे हैं।

### कितनी है नोइज मीटर की कीमत

प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों ने बताया कि आवाज की तीव्रता नापने वाला नोइज मीटर लगभग ढाई लाख रुपये में आता है। प्रदेश में इसकी संख्या सीमित ही है। मुख्यमंत्री के निर्देश के पहले मंडल अधिकतर शिकायतों पर ही कार्रवाई कर रहा था। इनमें नोइज मीटर से ही ध्वनि प्रदूषण की जांच कर कार्रवाई की जाती है।

## मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत 7 राज्यों में घना कोहरा, 23 ट्रेनें लेट-पंजाब-जम्मू में जीरो विजिबिलिटी

नई दिल्ली। 2023 के आखिरी दिन राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत उत्तर भारत के 7 राज्यों में घना कोहरा देखने को मिला। असम के जोरहाट, पंजाब के पठानकोट-बठिंडा, जम्मू और आगरा में जीरो विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई। कोहरे के कारण दिल्ली के आसपास की 23 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट चल रही हैं।

जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में तापमान फ्रीजिंग पाइंट के नीचे पहुंच गया है। श्रीनगर में टेम्प्रेचर माइनस 3.4ख्र सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अनंतनाग में -3.4ख्र और गुलमर्ग में -3.5 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और नॉर्थ राजस्थान के कई इलाकों में रविवार सुबह (31 दिसंबर) तापमान 7एष्ट-10एष्ट के बीच दर्ज किया गया। ढ्ढरूष्ठ के मुताबिक मध्य भारत में 24 घंटे में दिन का तापमान घटेगा। इसका मतलब मध्य प्रदेश-राजस्थान में नए साल के पहले दिन



ठंड और बढ़ेगी। प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक उत्तर भारत के अलावा झारखंड और ओडिशा के भी कुछ हिस्सों में आज कोहरा छाया रहेगा। वहीं, तमिलनाडु, दक्षिणी केरल, लक्षद्वीप, अंडमान-निकोबार और नॉर्थ-ईस्ट के कुछ हिस्सों में आज हल्की बारिश हो सकती है।

### मध्य प्रदेश में 34 साल का रिकॉर्ड टूट सकता है

मध्य प्रदेश में दिसंबर में अभी तक शीतलहर नहीं चली है। रात का तापमान सामान्य के आसपास बना रहा। दरअसल, जब रात का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री से लेकर 6.4 डिग्री तक कम हो तब शीतलहर चलना माना जाता है। अगर आज (31 दिसंबर को) भी शीतलहर नहीं चली तो मध्यप्रदेश में 34 साल का रिकॉर्ड टूटेगा।

2023 के आखिरी दिन राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत उत्तर भारत के 7 राज्यों में घना कोहरा देखने को मिला। असम के जोरहाट, पंजाब के पठानकोट-बठिंडा, जम्मू और आगरा में जीरो विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई। कोहरे के कारण दिल्ली के आसपास की 23 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट चल रही हैं। जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में तापमान फ्रीजिंग पाइंट के नीचे पहुंच गया है। श्रीनगर में टेम्प्रेचर माइनस 3.4ख्र सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अनंतनाग में -3.4 और गुलमर्ग में -3.5 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वाराणसी पुलिस ने आईआईटी छात्रा से गैंगरेप मामले में तीन को किया गिरफ्तार

वाराणसी। पुलिस ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में आईआईटी की एक महिला छात्रा के साथ कथित बलात्कार के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. लंका थाने के प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की पहचान कुणाल पांडे, आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और सक्षम पटेल के रूप में हुई है. रेप की कथित घटना 1 नवंबर की रात की है.

इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर महिला को निर्वस्त्र किया, उसका वीडियो बनाया और तस्वीरें



लीं. शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने उसे लगभग 15 मिनट के बाद जाने दिया और उसका फोन नंबर ले लिया. पीड़िता की शिकायत के आधार पर, लंका पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 354 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस ने बताया कि इसके बाद मामले में सामूहिक बलात्कार की धारा भी जोड़ी गई.

### दो महीनों तक क्यों नहीं हुई गिरफ्तारी, उठ रहे सवाल

आरोपी की पुष्टि होते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एनबीटी ऑनलाइन से बातचीत में बताया कि घटना के एक हफ्ते के भीतर ही पुलिस के सभी अधिकारियों को पता चल चुका था कि आरोपी सत्ता पक्ष से जुड़े हुए हैं, इसलिए उन्हें बचाने की भरपूर कोशिश की गई और जब विपक्ष के नेता होने के नाते मैंने आवाज उठाई तो मेरे ऊपर फर्जी मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार घटनाक्रम के समय तत्कालीन थाना अध्यक्ष और एसीपी भेलूपुर पर सत्ता पक्ष का खासा दबाव था। जिसकी वजह से आरोपियों की इतनी दिन तक गिरफ्तारी नहीं हुई। हम लोगों ने लगातार इस मुद्दे को उठाया है, जिसके बाद दबाववश आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो पाई है।

# आयुक्त ने तुलसीपुर ममता नगर क्षेत्र का किया पैदल भ्रमण

## सफाई एवं निर्माण कार्य देख गुणवत्ता के साथ कार्य कराने व सतत् मानिटरिंग के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। 31 दिसम्बर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः सहायक अभियंता व उप अभियंता तथा स्वच्छता निरीक्षक के साथ शहर में सफाई एवं निर्माण कार्य देखने पैदल निकल तुलसीपुर ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, स्वच्छता से लोगों को जोड़ने तथा निर्माण कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता सर्वप्रथम मिलचाल एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा एकत्रीकरण की जानकारी ली। उन्होंने कितने दिन का कचरा एकत्रित है जानकारी लेकर गीला व सुखा कचरा पृथकीकरण के संबंध में प्रभारी से चर्चा कर गीला कचरा से खाद बनाने की मात्रा की जानकारी ली। सेन्टर प्रभारी ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर सेन्टर में लाकर गीला सुखा कचरा पृथक किया जाता है, साथ ही सुखा कचरा बेचने से प्राप्त राशि सभी कर्मचारी आपस में बांट लेते है।





### स्वच्छता अभियान के अंतिम दिन लोगों को स्वच्छता अपनाने स्वच्छता से जोड़ने कहा

तुलसीपुर, ममता नगर में सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता सफाई में सुधार कर प्रतिदिन नाली साफ कर कचरा उठाने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को दिये।

उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मी वार्ड चपरासी, सफाई दरोगा निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करेंगे, नागरिकों व पार्षदों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करेंगे। साथ ही कहा कि सुशासन दिवस पर 25 दिसम्बर से प्रारंभ स्वच्छता अभियान का आज अंतिम दिवस है, आज सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई दुरूस्त रखे तथा लोगों को भी सफाई से जुड़ने व स्वच्छता अपनाने समझाईश देवे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने वार्ड नं. 17 तुलसीपुर में नाली निर्माण तथा ममता नगर में अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन के पास मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत निर्माणाधीन सामुदायिक भवन एवं उद्यान निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने व प्रतिदिन तराई करने संबंधित ठेकेदार को कहने सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य की सतत् मानिटरिंग करें एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करावें। इस अवसर पर उप अभियंता अनूप पाण्डे व डागेश्वर कर्ष उपस्थित थे।

# सेन समाज का संभागीय बैठक का शुभारंभ सांसद संतोष पाडेय ने किया





राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय राजीव नगर बसंतपुर वार्ड नं.42, सर्व समाज भवन में दुर्ग संभाग का सर्व सेन समाज का संभाग स्तरीय बैठक का शुभारंभ संतोष पांडेय सांसद राजनांदगांव ने संत शिरोमणी श्री सेन महाराज एवं नारायणी माता के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय की कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष विनोद सेन प्रान्तीय कोषाध्यक्ष किशन सेन प्रांतीय निर्वाचन अधिकारी, खम्मन लाल शाडिल्य, जिलाध्यक्ष भुवन कौशिक, सचिव शेषनारायण शांडिल्य वार्ड पार्षद, पूर्व पार्षद एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, ऋषि शास्त्री पूर्व जनपद सदस्य विवेक साहू, पूर्व जनपद सदस्य देव कुमारी साहू उपस्थित थे। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष शेषनारायण शांडिल्य ने दिया। इस अवसर पर संतोष पांडेय ने कहा कि समाज का कोई भी कार्य बिना ब्राम्हण और नाई के बगैर पूरा नहीं होता है जन्म से मृत्यु तक के कार्यो में नाई समाज की आवश्यकता मानी जाती है। आप सभी को अपनी ताकत को पहचानकर संगठित होकर रहना होगा। अभी हाल ही में आपके समाज के बेटा रिकेश सेन वैशाली नगर विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए है। जो समाज के लिए गौरव की बात है। सांसद ने समाज की मांग पर सांसद निधि से अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की राशि की घोषणा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रांताध्यक्ष पुनीत सेन ने कहा कि सब मिलकर समाज को एक नई सोच के साथ दशा और दिशा प्रदान करेंगे। समाज में प्रतिभा की कमी नहीं है अभी तो हमारे समाज का एक व्यक्ति विधायक बना है आने वाले समय में और अधिक विधायक चयन कर भेजे जावेंगे।

कार्यक्रम को प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक, कोषाध्यक्ष किशन सेन, पूर्व प्रांताध्यक्ष विनोद सेन, चुनाव अधिकारी खोमनलाल शांडिल्य, लक्ष्मीनारायण सेन एवं महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती निशा श्रीवास ने संबोधित किया। द्वितीय सत्र में प्रदेश अध्यक्ष पुनीतराम सेन की अध्यक्षता में सामाजिक चर्चा किया गया, जिसमें आने वाले समय में समाज को और अच्छे ढंग से संगठित करने का निर्णय लिया गया तथा संभागीय पदाधिकारी का चयन किया। सम्भागीय प्रभारी शिव कुमार श्रीवास, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी निशा श्रीवास, प्रांतीय उपाध्यक्ष ऋषि कुमार सेन बेमेतरा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य संतोष सिंह ध्रुव, संतोष श्रीवास बालोद, मोहन लाल सेन बेमेतरा, मन्नुलाल सेन कवर्धा, बंशीलाल सेन खैरागढ़, प्रवीण कौशिक राजनांदगांव, गोपाल सेन मोहला, संभाग सेलून अध्यक्ष अशोक सेन ध्रुव, हेमंत भारद्वाज मोहला, मुकेश कौशिक बालोद, दानेश्वर सेन, श्रीमती केशरी श्रीवास, पायल सेन, संतोषी सेन बालोद, बेमेश्वरी शांडिल्य, फुलकुंवर भारद्वाज, राजेश्वरी कौशिक, उषा सेन, इंद्रकला सेन को मनोनित किया गया। तत्पश्चात समाज के प्रतिभागी युवाओं को सम्मान, स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जिसमें राज्यपाल शिक्षक सम्मान 2023 में सम्मानित प्रधानपाठक तुलेश्वर सेन, विकास श्रीवास को इंटरनेशनल कबड्डी में गोल्ड मैडल मिलने पर सम्मान किया गया।

संतोष सेन दुर्ग को रक्तदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही जिलाध्यक्षगण बेमेतरा रवि सेन, बालोद झग्गर सेन, खैरागढ़ नरेन्द्र सेन, मोहला मानपुर टेकराम भारद्वाज, दुर्ग विजय सेन, राजनांदगांव शेषनारायण शांडिल्य, रायपुर डॉ. मनोज ठाकुर को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक देवशरण सेन, सहसंयोजक अनिल कौशिक ने किया। आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष अनूप श्रीवास ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्रांतीय सचिव धन्नूलाल सेन, रवि श्रीवास, मोती सेन, बिहारी सेन, आदित्य सेन, बंटी सेन अन्य कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पहला कॉलम...

### भागवत कथा का हुआ समापन



राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागांव साहू परिवार एवं वार्डवासियों द्वारा भागवत कथा किया गया था जिसमें अर्जकुंड जीवन कालोनी से पहुंचे भगवताचार्य पंडित अनिल तिवारी के मुखर विन्द से किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवन का आनंद उठाया। सात दिनों तक चले कथा में आखरी दिन गीता सुनाया गया। साहू परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया, इस दौरान प्रहलाद चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला, रुखमणी विवाह, सुदामा चरित्र के बाद हवन पूजन एवं भंडारा के साथ कथा का समापन किया गया।

### पूर्व सांसद स्व ताराचंद साहू व स्व. राधेचरण साहू की जयंती आज



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा साहू सदन में पूर्व सांसद स्व. ताराचंद साहू की जयंती एवं जिला साहू संघ के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष स्व. राधेलाल साहू की जयंती हर साल 1 जनवरी को मनाया जाना है। जिसकी तैयारी जिलाध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में पूरी कर ली गई है। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने इस अवसर पर जिले के समस्त स्वजातीय बंधुओं, पदाधिकारी, तहसील, परिक्षेत्र, ग्राम साहू समाज के स्वजातीय नागरिकों से बसंतपुर अस्पताल के पास स्थित साहू सदन में आयोजित उक्त जयंती कार्यक्रम में दिन-सोमवार-समय दोपहर 11 बजे तक गरिमामय उपस्थिति प्रदान की अपील की है।

### राष्ट्रीय सनातन धर्म महासभा द्वारा डॉ. रमन सिंह का स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक व प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी महासभा के सभी पदाधिकारियों ने रायपुर जा कर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सनातन संस्कृति द्वारा भगवान राम जी का डुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। सनातन धर्म से संबंधित छत्तीसगढ़ की विस्तृत जानकारी देते सनातन धर्म को मजबूत व आगे बढ़ाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

# कमला कॉलेज में भूगोल विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के आतिथ्य में भूगोल विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन मात्रात्मक क्रांति विषय पर किया गया। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. अनिल मिश्रा, सहायक प्राध्यापक भूगोल, शासकीय व्हीवायटी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा का स्वागत कु. कांति वर्मा एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्रा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. अनिल मिश्रा का स्वागत कु. शोभानी वर्मा एमए प्रथम सेमेस्टर भूगोल द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा सभी छात्राओं को अतिथि व्याख्यान से लाभ लेने को कहा तथा इन्हें सेमेस्टर परीक्षा के लिए शुभकामना दी। विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा अतिथि वक्ता का परिचय दिया गया। अतिथि वक्ता डॉ. अनिल मिश्रा ने मात्रात्मक क्रांति विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् वर्णनात्मक भूगोल को अस्वीकार कर अमूर्त सिद्धांत तथा मॉडलों के निर्माण पर बल दिया जाने लगा और इस हेतु भूगोल में सांख्यिकीय तकनीकी का वृहद पैमाने पर उपयोग किया गया। भूगोल में मात्रात्मक क्रांति के फलस्वरूप वस्तुनिष्ठता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण उभरकर आया। जिफ महोदय ने मात्रात्मक क्रांति को 4 अवस्थाओं में विभक्त किया। यद्यपि भूगोल में मात्रात्मक क्रांति का बहुत महत्व है और आधुनिक युग में इसके बिना भूगोल की वैज्ञानिकता ही खोज जायेगी, इसके बावजूद इस क्रांति ने भूगोल के कई तथ्यों का महत्व घटा दिया है। कई विद्वान जैसे स्पेट, बेरी, स्टांप इस क्रांति के विपक्ष में खड़े दिखाई दिये।

डॉ. निवेदिता ए. लाल ने बताया कि भूगोल में निदर्शन तकनीक माध्य, मध्यिका, बहुलक, मानक विचलन जैसी सांख्यिकी विधियों का प्रयोग किया जाने लगा। वर्तमान में हवाई फोटोग्राफी, कम्प्यूटर, सुदूर संवेदन तकनीक का प्रयोग वृहत् पैमाने पर किया जा रहा है। डॉ. जयसिंह साहू ने मात्रात्मक क्रांति की कमियों पर प्रकाश डाला। अतिथि व्याख्यान में बीए तृतीय भूगोल तथा एमए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्राएं उपस्थित रही। अंत में डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# एक दिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। यहां नयां ढाबा में, एक दिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन किया गया, इस अवसर पर शिक्षा नगरी कोटा से पधारे कबीर वाणी के राष्ट्रीय प्रचारक संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि समाज में संस्कारों को जिंदा रखने के लिए संत के सत्कार की जरुरत है।




संत समाज से सुरक्षा जरूर लेते हैं लेकिन वह जो देते हैं उसे शक्ति व सत्ता से हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिसके दिल में पर हित ही भावना होती है उसे सब कुछ सहज ही मिल जाता है, इसलिए हद से ज्यादा स्वार्थ की प्रवृत्ति नहीं रखें, जरूरत तो फकीर की भी पूरी हो जाती है और इच्छायें, सम्राटों की भी अधूरी रह जाती है। साहेब ने कहा कि कर्ज को चुकाने फर्ज को निभाने और मर्ज को मिटाने का पुरुषार्थ मानव धर्म है। अगर इस पर विचार नहीं किया जाये तो तन मन व धन में दोष पैदा हो जाता है। प्रभाकर साहेब ने कहा कि अच्छे कार्य के लिए सब समय अच्छा व बुरे कार्य बुरा होता है, इसलिए किसी कार्य को मुहूर्त से नहीं, समय व परिस्थिति के अनुसार सम्पन्न करना चाहिए। कार्यक्रम में संत गुरुबोध ने कहा कि सवाल में ही जवाब व समस्या में समाधान समाया होता है, जीवन में जब समझ पैदा होती है, तो सब कुछ सरल बन जाता है। जीवन को सजाने के लिए सद्गुणों को जगाने की जरूरत है।

इस अवसर पर संत सुबोध साहेब एवं भजन मण्डली द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियों से सभा को भाव विभोर कर दिया। इससे पहले अध्यापक रूपराम साहू को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। अंत में रूप राम साहू, लक्ष्मी कांत साहू, राहुल साहू, गीता साहू, के.डी.साहू, समेत श्रद्धालुओं ने संतों की पूजा आरती की तथा भण्डारे का आयोजन किया।

# शहादत व शौर्य का पर्व है शौर्य दिवस-लवकुमार रामटेके

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परिवर्तन जन कल्याण समिति छत्तीसगढ़ द्वारा बौद्ध मेला एवं शौर्य दिवस बडे ही हर्षोल्लास के साथ नव निर्मित जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के चौकी सरहद पर स्थित परिवर्तन शिखर जो कि सागंली मेरेगॉव पर है मनाया जाना है।



प्रेस को लवकुमार रामटेके अधिवक्ता छत्तीसगढ हाईकोर्ट ने बताया कि यह ग्यारहवा वर्ष होगा जो यह बौद्ध मेला व शौर्य दिवस का आयोजन होते आ रहा है, क्षेत्र में बौद्ध को मानने वालों का संख्या अधिक होने से सामाजिक जागरूकता के लिये यह आयोजन होता है, आयोजन को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ही साथ, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, उडिसा, बिहार व उत्तरप्रदेश से लोग आते है।

क्षेत्र के बौद्ध अनुयायी बडी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होते है तथा इस आयोजन को धार्मिक सौहार्द के रूप में नये वर्ष के पहले दिन मनाया जाता है। यह आयोजन महार जाति की विजय व शौर्य पर्व व शहादत दिवस है जो भीमा-कोरेगॉव की एक प्रतिकृति है, और उसी रूप में विकसित करने का प्रयास है। बौद्ध मेला व शौर्य दिवस के इस आयोजन में बैद्ध भिक्खू व सामाजिक धार्मिक चिन्तक आते है। इस वर्ष आयोजन में समता सैनिक दल के सैकडों सदस्य मान वंदना देने आ रहे है वहीं भारतीय बौद्ध महासभा जिला ईकाई के द्वारा आयोजन में सहयोग किया रहा है। वहीं क्षेत्र की महिलाओं ने भी आगे आकर भरपूर सहयोग देने की बात कहीं है। मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में इस तरह का बडा आयोजन होने से क्षेत्र को ख्याति मिल रहीं है जिसकी वास्तविक हकदार क्षेत्र के धम्म/धर्म प्रेमी लोग है।

कार्यक्रम धम्मभोज की व्यवस्था रहती है, कार्यक्रम स्थल के एक पहाड़ी पर तथागत बुद्ध की प्रतिमा स्थापित है वहीं नीचे संविधान निर्माता भारतरत्न की प्रतिमा स्थापित है, आकर्षक व मनोरम व ह्रदयस्पर्शीय दृश्य है। आयोजन की तैयारी जोरो पर है लोगों से अपील है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शौर्य दिवस की विजय गाथा का लाभ प्राप्त करें।

# नव कलेण्डर वर्ष सुव्यवस्थित जीवनयात्रा के लिए संकल्पित - द्विवेदी

राजनांदगांव (दावा)। नव कलेण्डर वर्ष के समसामयिक परिप्रेक्ष्य में नगर के विचार प्रज्ञ प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशिष्ट चिंतन विमर्श में कहा कि वर्तमान में चतुर्दिक कलेण्डर वर्ष ही नववर्ष ही माना जाता है। परंतु देश-धरती के संदर्भ में इसके आयोजन में हमेशा संस्कृति एवं गौरवशाली परंपराओं को ध्यान में रखना चाहिए।



नववर्ष का सीधा-सरल अर्थ है कि पुरातन की विदाई और नव-नवीन को बधाई। वस्तुतः जब कलेण्डर वर्ष सुदृढ़ रचनात्मक संकल्प के साथ जीवन यात्रा कार्य को समय-दिवस-मास के विशेष संदर्भ में सुव्यवस्थित कर संपन्न करना होता है। निजी एवं सार्वजनिक जीवनचर्या से जुड़े समग्र आम-खास कार्यो की पूर्णता सुनिश्चितता एवं सफलता के लिए तिथिबद्ध-समयबद्ध कार्यसूची बनाकर आगे बढने् का संकल्प लेना ही केलेण्डर नववर्ष मनाने का मुख्य धेय है। आगे डॉ. द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि संपूर्ण देश-धरती में एक समान तिथिवार एक समान कार्यव्यवस्थाएं निर्धारित समय पर प्रारंभ एवं पूर्ण हो सके इसके लिए केलेण्डर वर्ष सर्वत्र सहजता से स्वीकार किया गया है।

आइये केलेण्डर वर्ष में विशेषकर हमारी युवा-किशोर-बाल एवं प्रबुद्ध पीढ़ी विशुद्ध रचनात्मकता के साथ श्रेष्ठ-श्रेयष्कर, सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए संकल्पित हों तथा और भी उत्कृष्ट होगा कि निजी कार्य एवं आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के संकल्प के साथ-साथ 'राष्ट्र प्रथम' की श्रेष्ठ सनातनी अवधारणा को सर्वदा स्मृत रखते हुए आदर्श नागरिक बोध के साथ राष्ट्र निर्माण कार्य करने के लिए भी दृढ़ संकल्पित हों। यही केलेण्डर वर्ष का सर्व जन-जन के लिए सत्य सार्थक संदेश है।

न्यायालय तहसीलदार, छुईखदान जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2023-24
साकिन-छुईखदान प.ह.नं.- 14

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिलेन्द्र पिता कृष्णकुमार जाति बैरागी छुईखदान जिला केसीजी के द्वारा अपने दादाजी जगमोहनदास वैष्णव पिता लक्ष्मण वैष्णव जाति बैरागी का मृत्यु दिनांक 12/11/2002 को नगर छुईखदान में होना उल्लेखित करते हुए अपने दादाजी का मृत्यु दिनांक नगर पंचायत छुईखदान में पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/01/2024 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तिथि समाप्त पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 21/11/2023 को द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार छुईखदान**

न्यायालय तहसीलदार, छुईखदान जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2023-24
साकिन-छुईखदान प.ह.नं.- 14

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिलेन्द्र पिता कृष्णकुमार जाति बैरागी छुईखदान जिला केसीजी के द्वारा अपनी दादी कांतिबाई पति जगमोहनदास का मृत्यु दिनांक 15/10/2003 को नगर छुईखदान में होना उल्लेखित करते हुए अपनी दादीजी का मृत्यु दिनांक नगर पंचायत छुईखदान में पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/01/2024 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तिथि समाप्त पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 21/11/2023 को द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार छुईखदान**

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202312092300006
ब/121 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फुलेसर बेवा राधेलाल जाति लोधी, निवासी व कृषक ग्राम सलोनी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा बी-1 की नकल, शपथपत्र, चालान, आधार कार्ड मय आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि फुलेसर बेवा राधेलाल जाति लोधी, निवासी व कृषक ग्राम सलोनी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के नाम पर ग्राम सलोनी, प0ह0नं0 03 तहसील डोंगरगढ़ में कृषि भूमि ख.न. क्रमशः 114, 175/1, 241/4, 244/1, 244/3, 289 रकबा क्रमशः 0.049, 0.012, 0.113, 0.101, 0.101, 0.202 हे0 कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 0.578 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज व स्थित है। आवेदिका की उपरोक्त भूमि की मूल किसान पुस्तिका कं. 45634 भाग-01 एवं भाग-02 कहीं गुम हो चुकी है, जिसका काफी पतासाजी करने के उपरांत भी नहीं मिल पाया। जिसकी सूचना थाना प्रभारी डोंगरगढ़ को दी गई है। जिसके कारण आवेदिका को कृषि एवं बैंक आदि कार्यों में परेशानी हो रही है। अतः आवेदिका द्वारा उक्त भूमि का डुप्लीकेट किसान पुस्तिका भाग-01 एवं भाग-02 प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी **दिनांक 12/01/2024** तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज **दिनांक 28/12/2023** को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार तीसरा सप्ताह, रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सुपरहिट... गीत एवं संगीत प्रधान चित्र एम. माही फिल्मस् प्राडक्शन कृत
गुईयां
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - अमलेश नागेश, हेमा शुक्ला, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, संगीता निषाद आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


SILVER SCREEN Multiplex
29th Dec to 04th Jan 2023




Dunki - 12:00, 03:00 06:30 & 09:30 pm
Salaar - 12:00, 03:15, 06:00, 05:30 & 09:15 pm
Animal - 12:30 and 08:45 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# ISRO आज करेगा ऐतिहासिक लॉन्च, दुनिया का दूसरा ऐसा सैटेलाइट जो खोलेगा ब्रह्मांड के राज

नई दिल्ली। 1 जनवरी 2024 की सुबह करीब 9 बजे ISRO इतिहास रचने जा रहा है. साल के पहले ही दिन श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से XPoSAT सैटेलाइट की लॉन्चिंग होगी. यह सैटेलाइट अंतरिक्ष में होने वाले रेडिएशन की स्टडी करेगा. उनके स्रोतों की तस्वीरें लेगा. इस मिशन की शुरूआत इसरो ने साल 2017 में की थी. इस मिशन की लागत 9.50 करोड़ रुपए है.



लॉन्चिंग के करीब 22 मिनट बाद ही एक्सपोसैट सैटेलाइट अपनी निर्धारित कक्षा में तैनात हो चुका होगा. इस सैटेलाइट में दो पेलोड्स हैं. पहला - पोलिक्स और दूसरा एक्सपेक्ट. पोलिक्स इस सैटेलाइट का मुख्य पेलोड है. इसे रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट और यूआर राव सैटेलाइट सेंटर ने मिलकर बनाया है. 126 किलोग्राम का यह यंत्र अंतरिक्ष में स्रोतों के चुंबकीय फील्ड, रेडिएशन, इलेक्ट्रॉन्स आदि की स्टडी करेगा. यह 8-30 keV रेंज की एनर्जी बैंड की स्टडी करेगा. पोलिक्स अंतरिक्ष में मौजूद 50 में से 40 सबसे ज्यादा चमकदार चीजों की स्टडी करेगा.

इसमें लगे टेलिस्कोप को रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट ने बनाया है. यह सैटेलाइट ब्रह्मांड के 50 सबसे ज्यादा चमकने वाले स्रोतों की स्टडी करेगा. जैसे- पल्सर, ब्लैक होल एक्स-रे बाइनरी, एक्टिव गैलेक्टिक न्यूक्लियाई, नॉन-थर्मल सुपरनोवा. सैटेलाइट को 650 द्मद्द की ऊंचाई पर तैनात किया जाएगा.

XSPECT मतलब एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी एंड टाइमिंग. यह 0.8-15 keV रेंज की एनर्जी बैंड की स्टडी करेगा. यानी यह पोलिक्स की रेंज से कम एनर्जी बैंड की स्टडी करेगा. यह पल्सर, ब्लैक होल बाइनरी, लो-मैग्नेटिक फील्ड न्यूट्रॉन स्टार, मैग्नेटार्स आदि की स्टडी करेगा.

XPoSAT सैटेलाइट का कुल वजन 469 द्मद्द है. जिसमें 144 किलोग्राम के दो पेलोड्स हैं. संभावित लॉन्चिंग 25 दिसंबर है. इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के पहले लॉन्च पैड से पीएसएलवी रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा. अब तक PSLV रॉकेट की 59 उड़ानें हो चुकी है. उनमें से सिर्फ दो लॉन्च ही फेल हुए हैं. यह पीएसएलवी की 60वीं उड़ान है. जबकि PSLV-DL की चौथी उड़ान है. यह रॉकेट 320 टन का होता है. इसकी ऊंचाई 44.4 मीटर है. यह 4 स्टेज का 2.8 मीटर व्यास वाला रॉकेट है. इसकी पहली उड़ान 20 सितंबर 1993 को हुई थी. तब से अब तक इसने कई देसी और विदेशी सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है.

## एंबुलेंस में गांजा पकड़े जाने के बाद जागा परिवहन विभाग, बिना अनुमति वाली 18 एंबुलेंस जब्त



रायपुर। एक सप्ताह पहले आमानाका पुलिस थाना क्षेत्र में एक एंबुलेंस से 364 किलो गांजा पकड़ा गया था। जांच में यह सामने आया कि एंबुलेंस की अनुमति परिवहन विभाग से नहीं ली गई थी। इसके बाद परिवहन विभाग जागा।

शहरभर में दौड़ रही एंबुलेंस की जांच शुरू की। परमिट, अनुमति और चालकों के लाइसेंस नहीं होने पर कार्रवाई की जा रही है। बीते दो दिनों में आंबेडकर अस्पताल, एम्स के अलावा निजी अस्पतालों के सामने खड़ी 18 एंबुलेंस जब्त की गई, जिन्हें संबंधित थानों में खड़ा किया गया है। जांच आगे भी जारी रहेगी। राजधानी में सरकारी के साथ हजारों की संख्या में निजी एंबुलेंस बेधड़क दौड़ रही हैं। कोरोना के समय पैसे कमाने के चक्कर में कई लोगों ने सैकड़ों वैन और मिनीडोर को एंबुलेस में तब्दील कर चलाना शुरू कर दिया था। नियमानुसार एंबुलेंस का संचालन करने के लिए परिवहन विभाग से अनुमति लेनी होती है, लेकिन संचालकों ने ऐसा नहीं किया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम अवैध रूप से संचालित एंबुलेंस पर कार्रवाई कर रही है।

रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर सड़कों पर दौड़ रहीं निजी एंबुलेंस मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के नाम पर महज खानापूर्ति कर रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर संचालित इन एंबुलेंस में न तो जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था है और न ही प्रशिक्षित स्टाफ। इनकी निगरानी करने वाले स्वास्थ्य विभाग के मौन रहने का कुप्रभाव मरीजों और उनके स्वजन पर पड़ रहा है। नौसिखिया एंबुलेंस चालक गंभीर मरीजों को ढोते नजर आ रहे हैं। नेशनल हेल्थ मिशन और परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर जिले में सैकड़ों निजी एंबुलेंस संचालित हैं।

## विष्णुदेव के मंत्रिमंडल पर भूपेश का हमला, कहा- जूनियरों को दिया सीनियर पद

रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिमंडल के मंत्रियों को विभाग मिलने के बाद इसे लेकर सियासत शुरू हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साय मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कहा कि मंत्रियों को विभाग के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ा।



मंत्रिमंडल में जूनियर को सीनियर का पद दिया गया है और सीनियर को जूनियर का पद दिया गया है, यह गुजरात मॉडल है। सभी मंत्रियों को बधाई, जिनको जो-जो पद मिला है वह निर्वहन करेंगे। बहुत सारे नेता पहले भी मंत्री रहे हैं, उनके परफार्मेंस को हम जानते हैं, लेकिन जो नए बने हैं, पहली बार विधायक बने हैं और मंत्री बने हैं उनको परफार्मेंस दिखाना होगा। हम सब बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि जो जनता से वादे किए गए है उसे जल्द लागू करें। जिन्हें बड़ी-बड़ी जिम्मेदारी मिली है उन्हें अपनी परफार्मेंस दिखाने का अवसर है। पूर्व सीएम बघेल अपने चार दिवसीय नागपुर-दिल्ली दौरे से शनिवार को रायपुर लौटे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तैयारी

पूर्व सीएम बघेल ने नागपुर में आयोजित महारैली को सफल बताया और कहा कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस संविधान और देश बचाने के लिए संकल्पित है। हसदेव अरण्य में वनों की कटाई पर बघेल ने कहा कि चुनाव के पहले और चुनावी दौर में हमने कहा आप वोट भाजपा को देंगे और अदाणी को फायदा होगा। इसका असर दिखाई दे रहा है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही ,है क्या आपको आमंत्रण मिल गया? क्या आप जाएंगे? इस सवाल पर बघेल ने कहा, कौशल्या मंदिर क्या कभी यह लोग गए थे? हमने कौशल्या माता मंदिर का जीर्णोद्धार किया। जितने भी आस्था के केंद्र हैं उसमें हम जाते ही रहे हैं। आदिवासियों के आस्था का केंद्र हो, चाहे हिंदुओं, सिखों, जैनियों, मुसलमानों का हो, सभी जगह जहां आमंत्रित होते हैं वहां पर जाते हैं क्यों नहीं जाएंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल द्वारा भाजपा के मंत्रिमंडल पर टिप्पणी करने के बाद भाजपा की पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने तीखा हमला किया। उन्होंने सवाल किया है सीनियर-जूनियर की बात करने वाले भूपेश बघेल बताएं कि उन्होंने टीएस सिंहदेव का अपमान बार-बार क्यों किया? रंजना ने कहा कि अगर सीनियर जूनियर की चिंता भूपेश ने अपने मुख्यमंत्री रहते की होती तो आज उन्हें शायद इतनी बुरी हार का सामना न करना पड़ता।

## जनजाति कार्य मंत्रालय के उप महानिदेशक विश्वजीत दास ने बैगा बाहुल तवाडबरा का किया दौरा

रायपुर। प्रधानमंत्री जनमन योजना बैगा जनजाति को मिल रही शासकीय सुविधाओं एवं आगे की जरूरतों के बारे में की पूछताछ। जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार के उप महानिदेशक श्री विश्वजीत दास ने आज गौरेला-पेण्ड्रला-मरवाही जिले के गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत ठाड़पथरा के बैगा बाहुल ग्राम तवाडबरा का दौरा किया। उन्होने विशेष कमजोर जनजातियों के समाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना की जानकारी देने एवं बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में बैठक ली। आदिवासी बालक आश्रम तवाडबरा में आयोजित बैठक में उन्होंने बैगा जनजाती के लोगों और जिला अधिकारियों से बैगा जनजाति को मिल रही शासकीय सुविधाओं एवं भविष्य की जरूरतों के बारे में जानकारी ली।



0 जनजाति कार्य मंत्रालय के उप महानिदेशक श्री विश्वजीत दास
0 प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा जनजाति को मिल रही शासकीय सुविधाओं एवं आगे की जरूरतों के बारे में की पूछताछ

दास ने बैगा लोगों से रूबरू होते हुए उन्हें पीएम जनमन योजना के बारे में बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से अगले तीन वर्ष में सभी बड़े मूलभूत कार्यो आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका आदि की शतप्रतिशत सुविधाएं मुहैया कराना है। उन्होने वर्तमान में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिल रही सुविधाओं एवं लाभों के बारे में विभागवार जानकारी ली। श्री दास ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन आदि समय पर उपलब्ध होने की जानकारी ली। श्री दास ने बैगा जाति के सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड, अधार कार्ड एवं जनधन बैंक खाता खुलवाने के लिए ऐस स्थान पर जहां इंटरनेट की अच्छी हो वहां संयुक्त रूप से शिविर लगाने और शिविर लगने की तिथि तथा स्थान की जानकारी सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से देने के निर्देश दिए।

केंद्रीय उपमहानिदेशक श्री दास ने इस अवसर पर 7 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जनमन योजना की ब्रोसर भी वितरित किए और बैगा लोगों को इस योजना का प्रचार करने और अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। उन्होंने आश्रम में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगे शिविर का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही आश्रम में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी पूछताछ की। श्री दास के आगमन पर बैगा जनजाति के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप और अन्य वाद्य यंत्रों की धुन पर नृत्य प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रियंक ऋषि महोबिया ने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजाति में से एक जाति बैगा है जो कि जीपीएम जिले के सिर्फगौरेला विकासखंड के 13 ग्राम पंचायतों, 17 गांवों एवं 54 बसाहटों में निवासरत है। इनकी कुल जनसंख्या 6484 है। इन्हें प्रधानमंत्री जनमन योजना से शतप्रतिशत लाभांवित करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित सम्बद्ध विभागों से सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे प्रतिवेदन के आधार पर कार्य योजना बनाकर सभी कार्यो को समय सीमा में पूर्ण किया जाएगा। सर्वे के आधार पर 1705 कच्चे मकान हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित किया जाना है।

बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री के.पी. तेंदुलकर, एसडीएम पेंड्रा रोड श्री अमित बेक, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. ललित शुक्ला, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री आर.के. उरांव, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण श्री डी.के. साहू, सीएमएचओ डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.के. शास्त्री, एनजीओ से सुश्री रीना रामटेके सहित कृषि, वन, खाद्य, पशुधन, उद्योग, क्रेडा, समाज कल्याण, पीएमजेएसवाई, विद्युत, बैंक आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई जारी, कांग्रेस ने बनाई 8 सदस्यीय जांच कमेटी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य का मामला गरमाने लगा है. यहां कोयला खदान के लिए पेड़ों की कटाई जारी है. हसदेव क्षेत्र में पेड़ों की कटाई मामले में कांग्रेस ने 8 सदस्यीय जांच समिति गठित की है. पूर्व मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम के नेतृत्व में कमेटी बनाई गई है, जो प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी और पीसीसी चीफको रिपोर्ट सौंपेगी. जांच कमेटी में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, गुलाब कमरो के साथ ही कांग्रेस नेता शफी अहमद, राकेश गुप्ता और भगवती राजवाड़े शामिल हैं. यह कमेटी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी और जांच कर पीसीसी अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेगी.

## छत्तीसगढ़ से गुजरेगी राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा

रायपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अब नए साल 14 जनवरी से 'भारत न्याय' यात्रा शुरू करने जा रहे हैं. जो 20 मार्च तक चलेगी. ये यात्रा पूरब से पश्चिम यानी मणिपुर से मुंबई तक होगी. इस यात्रा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंफाल में हरी झंडी दिखाएंगे. राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि यह यात्रा छत्तीसगढ़ से भी गुजरते हुए निकलेगी. इसकी तैयारी को लेकर 4 तारीख को दिल्ली में बैठक होगी. यात्रा को लेकर हम लोग उत्साहित हैं.



रोड मैप को लेकर दिल्ली में होगी बैठक, यात्रा को लेकर हम उत्साहित- दीपक बैज

राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 14 जनवरी से मणिपुर से पैदल यात्रा का दूसरा चरण राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरुआत होगी. यह मणिपुर से लेकर महाराष्ट्र तक चलेगी. यह यात्रा छत्तीसगढ़ में भी चलेगी, 4 तारीख को दिल्ली में बैठक होगी. जिसमें आईसीसी के तमाम सीनियर नेता जाएंगे. बैठक में छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्रा को लेकर रोड मैप पर चर्चा होगी. हम लोगों को पूरा जोश और उत्साह है. छत्तीसगढ़ से न्याय यात्रा गुजरते हुए निकलेगी, इससे पूरे देश को फायदा मिलेगा.

### भारत न्याय यात्रा का उद्देश्य

भारत न्याय यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को राजनीतिक, आर्थिक और समाजिक न्याय दिलाना है. ये यात्रा 14 राज्य और 85 जिलों से होकर गुजरने वाली. हालांकि इस पदयात्रा का अभी तक आधिकारिक रोडमैप कांग्रेस ने जारी नहीं किया है

## मोदी की गारंटी पूरा करने मनोयोग से जुट जाएं मंत्रीगण - मुख्यमंत्री साय

रायपुर। मंत्रीगणों को विभागों के आबंटन के पश्चात आज मंत्रिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी मोदी जी की गारंटी पूरा करने पूरे मनोयोग से जुट जाएं। प्रदेश की जनता ने हम पर भरोसा जताया है।



0 विभाग आबंटन के पश्चात सौजन्य मुलाकात करने पहुंचे मंत्रीगणों को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं
0 कहा सुशासन का सूर्योदय हमारा ध्येय वाक्य, इसे चरितार्थ करने का लक्ष्य लेकर करेंगे काम

इस भरोसे को पूरा करने के लिए हम सब संकल्पबद्ध होकर कड़ी मेहनत से कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा ध्येय वाक्य है सुशासन का सूर्योदय, इसे चरितार्थ करना है। अगले पांच सालों में मोदी जी द्वारा दी गई सारी गारंटी पूरी करनी है। पूरी पारदर्शिता के साथ आम जनता को इसका लाभ देना है। मोदी जी की गारंटी समाज के सभी वर्गों से संबंधित है और आपको सुनिश्चित करना है कि उनकी गारंटी का जमीनी क्रियान्वयन बेहतर तरीके से होता रहे।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी मौजूद रहे। साथ ही स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद रहे।

## बकाया बोनस की राशि लेने बैंकों में लगी लंबी कतार, 9 साल बाद पैसे मिलने से किसानों में खुशी

खैरागढ़, 31 दिसंबर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2 साल के धान की बकाया बोनस की राशि 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर किसानों के खातों में डाल दी. इसके तहत खैरागढ़ जिले में लगभग 45 हजार किसानों के खाते में लगभग 70 करोड़ 1 लाख 25 हजार पहुंचे हैं.



वहीं, खातों में पैसा आने के बाद से ही लगातार किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखाओं का रुख कर रहे हैं. 25 दिसंबर से लगातार बैंकों की शाखाओं में किसानों की लंबी-लंबी कतारे भी देखने को मिल रही है. लगभग 9 साल बाद मिले धान के बकाया बोनस राशि से किसान खुश नजर आ रहे हैं. वहीं, बैंक की ओर से बड़ी संख्या में पहुंच रहे किसानों के लिए छाव की व्यवस्था की गई है.

उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने घोषणा की थी कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही किसानों के खाते में दो साल का बोनस दिया जाएगा. सत्ता में काबिज होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने 18 लाख लोगों को पीएम आवास के लिए मंजूरी दी थी. इसके साथ ही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि 25 दिसंबर को किसानों के खाते में पैसे डाले जाएंगे. फिर सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर को राज्य के किसानों को खरीफ विपणन साल 2014-15 और साल 2015-16 की बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रुपए का भुगतान किया गया. धान उत्पादन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने अपने अनुपूरक बजट में धान उत्पादन पर प्रोत्साहन योजना के लिए राशि का प्रावधान भी किया है.

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव पहुंचे साहू समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज बेमेतरा जिले के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन और नव निर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। डिप्टी सीएम ने समारोह में भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज द्वारा प्रकाशित साहू स्मारिका के 10वें अंक का विमोचन किया। समारोह में पधारे समाज के सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित विधायकों का शाल ओढ़ाकर, श्री फल और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष श्री टहल साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड दीपक ताराचंद साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता हीरालाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला मंगत साहू सहित साहू संघ के पदाधिकारीगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

साहू समाज एक विकसित समाज है - उप मुख्यमंत्री श्री साव



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन यह बताता है कि साहू समाज एक विकसित समाज है। इस अवसर पर उन्होंने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को अपनी शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में किसी के पास समय नहीं है और हर एक को जल्दी है, यह युवक-युवती परिचय सम्मेलन इसी का परिचायक है, इसी का एक स्वरूप है, जहां पर सब इकठ्ठा होकर, एक दूसरे को जान सके और समय की भी बचत हो सके। साहू समाज की विशेषता यह है की यह समाज ईमानदारी के साथ मेहनती है। समाज के मान, सम्मान और गौरव को बढ़ाने के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा।

प्रदेश साहू संघ समाज की कुरुतियों को दूर करने के उद्देश्य से पूरी ताकत लगाई है इसके लिए सभी सदस्यों का अभिनंदन। मेरा आप सभी से निवेदन और आग्रह है घर के सदस्य के साथ जो व्यवहार होता है वैसी व्यवहार सभी से करना यही निवेदन और आग्रह करता हूं लेकिन मैं कर्मा माता से भी प्रार्थना करता हूँ की मैं जैसे कल था आगे मुझे वैसे ही रखना, मै प्रार्थना करता हूं की कभी भी पद का घमंड और गुरुर मेरे सर पर ना चढ़े ये जो मुझे मिला है वह बहुत बड़ा जवाबदारी है आप सब के आशीर्वाद से आप सब के सहयोग से मुझे ये मिला है ईमानदारी और मेहनत साहू समाज की विशेषता है। बेमेतरा में युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन यह बताता है कि युवक-युवती रिश्ता ढूढने में बहुत पैसा और समय की बचत होती है। युवक-युवती सम्मेलन का आयोजन के लिए बधाई और शुभकामना।

स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद के लिए सबको धन्यवाद। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को शुभकामनाएं। उन्होंने परिचय सम्मेलन में आए युवा भाई, युवती बहन को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। साजा विधायक ईश्वर साहू ने समारोह को सम्बोधन करते हुये कहा की परिचय सम्मेलन में उपस्थित सभी बंधु को सादर प्रणाम भद्रकाली की पावन धरती को नमन करता हूँ। उन्होंने कहा आपने मेरे जैसे गरीब और मजदूर परिवार के नागरिक को इतना योग्य बनाया और सबसे बड़ा जिम्मेदारी दी इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूँ।

## अनमोल दावा

"किस्मत के पन्ने वही पलटता है जो दिन रात मेहनत करता है।

# एआई के लिए बने अलग मंत्रालय

आजकल दुनिया भर में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से बनती उम्मीदों और आशंकाओं का ग्राफ जिस तेजी से चढ़ता जा रहा है, उससे साफ है कि अपने देश में भी इसके लिए अलग से एक मंत्रालय गठित करने का वक्त आ गया है। इसके अलग-अलग पहलुओं की पड़ताल करते हुए इस जरूरत की अहमियत को बेहतर ढंग से महसूस किया जा सकता है।

सही तालमेल जरूरी : आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में ढ्ढ का बढ़ता दखल इस बात का सबूत है कि लोग इससे अच्छे-बुरे ढंग से प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में ढ्ढ को जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। ध्यान रखने की बात यह है कि इस दिशा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के प्रयास आम लोगों की आकांक्षाओं और आशंकाओं के अनुरूप होने चाहिए। एक स्वतंत्र और समर्पित मंत्रालय नए बनते कानूनों की कमियां दूर करते हुए इस प्रक्रिया को आसान बना सकता है। सामरिक इस्तेमाल : एक अहम पहलू सामरिक क्षेत्रों में एआइ के इस्तेमाल का है। दूसरे देशों या नॉन स्टेट ऐक्टरों की अवांछित गतिविधियों से बचाव का काम सरकार के ही निर्देशन में चल सकता है। अलग मंत्रालय से न केवल इस कार्य को ज्यादा तवज्जो मिल सकेगी बल्कि इससे टेक्नॉलजी के विकास के अनुकूल माहौल बनाने में भी मदद मिलेगी। इसी से भविष्य में जेनरेटिव ढ्ढ से भी ज्यादा ताकतवर तकनीक की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

नाजुक मसला : तकनीक के नए चरण का विकास कितना नाजुक मसला है, यह एआई के एआई मामलों के मंत्री उमर अल ओलामा की बातों से साफ होता है। वह बताते हैं कि कैसे टेक्नॉलजी से डर और प्रिंटिंग प्रेस के ओवर रेग्युलेशन ने पश्चिम एशिया को करीब 200 वर्षों तक इस फील्ड में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से दूर रखा।

दुरुपयोग पर रोक- यह बात भी है कि एआई का गैर-जिम्मेदाराना इस्तेमाल कई तरह के खतरों को जन्म दे रहा है, जो आखिरकार एआई की ग्रोथ की रफ्तार को भी प्रभावित करेगा। ध्यान रहे, टेक्नॉलजी डिवेलपर्स हों या उनके क्लाइंट्स, इन दोनों का आचरण नैतिक बना रहे यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार की ही होती है। नीति आयोग का जिम्मा : अभी एआई को लेकर सरकार के रेस्पॉन्स की अगुआई नीति आयोग कर रहा है। चाहे नई टेक्नॉलजी को टेस्ट करने की बात हो या उसके लिए अनुकूल इकोसिस्टम बनाने की, दोनों काम उसी के जिम्मे हैं। लेकिन ये दोनों काम बेहतर ढंग से अंजाम दिए जा सकते हैं अगर एक स्वतंत्र मंत्रालय के सुपुर्द कर दिए जाएं, जहां न केवल एक निश्चित बजट होगा बल्कि ज्यादा लोग भी जुड़े होंगे। समझना होगा कि भारत जैसी बड़ी इकॉनमी वाले देश में एआई के लिए एक निर्धारित रास्ता सुनिश्चित करने की जरूरत है और इस काम को अंजाम देने वाली संरचना जितनी जल्दी बना दी जाए, भविष्य के दुष्परिणामों को रोकना उतना आसान होगा।

# नए वर्ष पर मैं वादा करता हूं

**- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**





आखिर आ ही गई वो घड़ी जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। बहुतेरे लोगों का मानना है, कि यह नया वर्ष उनके जीवन में कुछ उपलब्धि जरुर उपलब्ध करायेगा। सामान्य जीवन में कुछ उलट फेर जरुर होगा। प्रायः हम सबकी यह आदत होती है कि हर नये वर्ष के आने पर कुछ गंदी आदतों को छोड़ने की कसमें खाते हैं जिसमें कुछ गिने चुने लोग तो सफल हो जाते हैं। अधिकतर पुनः उसी ढर्रे पर चलने लगते हैं, और फिर नये साल में वही वादा दोहराते हैं। कई महानुभाव नये साल पर नया कार्य, धन्धा एवं बिजनेस शुरू करना पसंद करते हैं। हर वर्ग में नये वर्ष के प्रति यह सम्मान पाया जाता है।

चाहे वह बच्चे हों, विद्यार्थी, व्यापारी, युवा, बुद्धिजीवी, प्रौढ़, वृद्ध, महिला एवं प्रत्येक लोगों में ऐसी धारणा होती है। कि नये साल के शुभ मुहूर्त में शुरु किया जाने वाला काम हमेशा सफल होता है। तो चलिये हम लोगों की इस संबंध में नये वर्ष के प्रति क्या विचार एवं धारणायें हैं उन्हीं की जुबानी सुनते हैं। स्थानीय गांधी चौक निवासी तीस वर्षीय गृहणी श्रीमती गौतरहीन यादव कहती हैं कि-''नया साल सबके लिये सुखमय हो। लोग अपने बुरी आदतों को छोडकर अच्छे काम करें यही मेरी भगवान से प्रार्थना है। बाकी अपने लिये क्या कहूं मैं न तो पढ़ी हूं न लिखना जानती हूं। रोज कमाना रोज खाना, यही ढर्रा है। जीवन का। यही सिलसिला मरते दम तक चलना है, ऊपर वाले से विनती है कि इसे ही कायम रखे। और कोई अपेक्षा नहीं है। जूना बिलासपुर शांति लाज के पास रहने वाली श्रीमती दुज बाई विश्वकर्मा जो आंगन बाड़ी केन्द्र में सहायिका के पद पर कार्य करती हैं, उन्होंने नये वर्ष का स्वागत करते हुये कहा कि-नये साल में हमें सिद्धांत बनाकर काम करना होगा, जिससे हमारा नाम हो। हम अच्छा काम करें। मैं नये वर्ष में सोच रही हूं जहां मैं कमजोर हूं वहीं ज्यादा ध्यान देकर काम करूंगी ताकि मैं उन्नति की ऊंचाई तक पहुंच सकूं। फजल बाड़ा में निवासरत पचासी वर्षीय वृद्धा श्रीमती बुधवारा बाई इस बारे में अपने उम्रानुसार बड़े परिपक्व हैं। वे कहती हैं कि-मेरे लिए नया साल क्या पुराना साल। मैं इन्हें नहीं जानती। मैं तो सिर्फ घर तक ही सीमित हूं। बस यही जानती हूं कि मेरे घर में सभी बच्चे, बेटा, बहू अच्छे से शांतिपूर्णक रहें। मैं उन सब को हमेशा खुश देखूं। यही मेरे लिये नये वर्ष का सबसे बड़ा उपहार होगा।

**आईये अब कुछ बच्चों से चर्चा करें**

बारह वर्षीय पांचवी की छात्रा कु. रानी यादव ने कहा- कि- हम बच्चों को आपस में एक दूसरे को फूल भेंट करना चाहिये। ग्रीटिंग कार्ड भी देना चाहिये। किसी से झगड़ा नहीं करना चाहिये। सभी साथ मिलकर खेलें और रोते हुये लोगों को हंसाना चाहिये।

सात वर्षीय सीमा नये साल की शुरुवात खूब तरह-तरह के व्यंजन चाकलेट खाने से करना चाहती है। पढ़ाई से बिलकुल परहेज सिर्फ खेलकूद और मस्ती। सिटी डिस्पेंसरी के पास रहने वाली बारह वर्षीय अनपढ़ समरिन खान का कहना है, कि- इच्छा तो है कि नया साल खूब धूमधाम से मनाऊं। जैसे खूब मिठाई खाऊं, खूब नाचूं गाऊं, सभी कोई झगड़ा भूलकर एक होते और मिलकर खुशी मनाते तो बहुत अच्छा लगता। पर मैं क्या करूं हम तो बहुत गरीब हैं। रोजी रोटी वाले हैं। कहां से ऐसी खुशियां मना सकते हैं। हमारे लिये क्या नया क्या पुराना सभी दिन एक जैसा ही है। खूब मनता है नया वर्ष सदर बाजार स्थित भावे रजब अली मेडिकल स्टोर में कार्यरत मोहम्मद अली भारमल का कहना है कि-नया वर्ष जीवन के भागदौड़ और रोजमर्ग की व्यस्तता के बीच खुशियां ढूंढ़ने का एक अच्छा जरिया है। इसी बहाने तो कम से कम हम लोगों से गले मिलते है. सभी से आशिर्वाद ले लेते हैं। थोड़ा नाच गा लेते हैं। उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि हां इस वर्ष आने वाला नया वर्ष जरूर कुछ विशेषता और आकर्षित करने वाला है। यानि एक साथ हमें एक जनवरी को नया दिन, नया साल और नयी उमंगों की सौगात मिलेगी।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 24 : श्रीराम का नूतन संकल्प ; सत्य, धर्म और न्याय को समर्पित होगा जीवन

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



''जी गुरु माता! आज हमने ढेर सारी लकड़ियां एकत्र की हैं।'' अपने धनुष को एक किनारे पर रखते हुए राम ने हस्तशकट से लकड़ियां उतारने के कार्य का प्रारंभ करते हुए कहा।

समर विजय जंगल में सिंह से सामना होने की घटना के बारे में गुरु माता को बताना चाहता था, लेकिन राम ने संकेत से मना कर दिया।

''अच्छा आप सब हाथ मुंह धो कर भोजन ग्रहण कर लो। फिर थोड़ा विश्राम करने के बाद जिन्हें शस्त्र शिक्षा ग्रहण करना है, वे सब तैयार हो जाना।''

''जी गुरु माता!'' शिष्यों ने समवेत स्वर में कहा।

अपराह्न में विद्यार्थियों की शस्त्र संचालन की शिक्षा शुरू हुई। गुरु वशिष्ठ ने स्वयं राम और लक्ष्मण को शस्त्र विद्या सिखाई। धनुष और बाण के प्रति राम और लक्ष्मण का विशेष लगाव है। गुरु वशिष्ठ ने शिष्यों को पहले ही धनुष की प्रत्यंचा सही तरह से चढ़ाना, बाण को रखना, लक्ष्य का संधान करने के लिए आंखें केंद्रित करना, दोनों पैरों के लिए उचित कोण का निर्धारण, प्रत्यंचा को सीधी रेखा में कान तक खींचना और फिर संतुलित शक्ति और वेग के साथ छोड़ना; आदि प्रारंभिक ज्ञान प्रदान कर दिया था। आज वे दिव्यास्त्रों के बारे में जानकारी प्रदान करने वाले हैं।

गुरु वशिष्ठ ने कुछ देर अपनी आंखें बंद रखीं और फिर आंखें खोलते हुए कहा, ''राम! मैं अपने अंतःचक्षुओं से देख रहा हूं कि तुम्हारा जीवन एक साधारण मनुष्य या साधारण राजकुमार का नहीं है। तुममें अपार संभावना और क्षमता है। तुम्हें भविष्य में दुष्टों से प्रजा की रक्षा के लिए बार-बार दिव्य अस्त्रों का संधान करना होगा। तुम कठिन साधना के लिए तैयार रहो।''

श्री राम ने हाथ जोड़कर गुरु के सामने नूतन संकल्प लिया, ''जो आज्ञा! मैं तैयार हूं गुरुदेव! मेरे जीवन का हर क्षण प्रजा की रक्षा को समर्पित होगा।''

गुरु वशिष्ट प्रसन्न हुए। उन्होंने प्रशिक्षण प्रारंभ किया।

''दिव्यास्त्र मंत्र से संचालित होते हैं राम! ये साधारण अस्त्र-शस्त्र नहीं होते।'' गुरु वशिष्ठ ने जानकारी दी।

''तो क्या मंत्रों के उच्चारण से ही एक योद्धा इन्हें संचालित कर सकता है?'' राम ने गुरु से पूछा।

''यह इतना सरल नहीं है राम! योद्धा में मंत्र को धारण करने की योग्यता होनी चाहिए और उनका उचित प्रयोग करने की भी सूझबूझ होनी चाहिए। दिव्य अस्त्र कठिन साधना से मिलते हैं। इन पर नियंत्रण रख पाना चुनौती होती है। ये आचार-विचार से लेकर कठिन अभ्यास और योद्धा की सात्विक वृत्ति पर भी निर्भर होते हैं। ''गुरु ने विस्तार से समझाया।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## कविता

### नववर्ष 2024 अभिनंदन

नववर्ष 24 लाया अनेकों मंगल कामनाएँ  
अभिनंदन है, अभिनंदन है नए साल का,  
नवप्रभाव में, नव विचार का हो आगमन  
न हो नकारात्मक, सुसंस्कृत हो, सकारात्मक।  
न हो मन में 'इगो', अनर्गल मंथन,  
न हो किसी के घर में सूदन और संकट,  
करें काम साहस से, पुरानी गलतियों  
से सबक लेकर  
चरोवति, चरोवति...बढ़े चले, बढ़े चलो,  
बालक-बालाओं, खूब पढ़े, खूब खेलें,  
लाएँ पदक एवं मेडल, नाम रौशन करें  
माता-पिता एवं देश का,  
न आवे किसी में कुटैव, बनें श्रेष्ठ  
मान-सम्मान, प्रतिष्ठा, हो सब में सदाचार।  
नववर्ष का अनेकोनेंक अभिनंदन,  
न हो कहीं क्रन्दन, प्रसभता एवं गुलाबों की हो बहार,  
आया 24 का नया साल, हो जनजागरण,  
जनतंत्र के लिये जनादेश के लिये।  
न हो किसी के पथ में कंटक,  
स्वागत हो पुष्पों के पांखुड़ी से  
सद्विचारों, सुलेखों का हो चिंतन  
मानवता एवं आदर्श का हो मंथन  
नववर्ष लाया, नव विचार  
अनंत मंगल कामनाएँ

देवेन्द्र महोबे

## कविता

### // हे नूतन वर्ष ! //

हे नूतन वर्ष!  
आइए स्वागत है।  
शोणितवर्ण सूर्य-मयूख की,  
उदित आशाएं।  
शीतल स्नेह-भ्रातृत्व भाव की,  
प्रमुदित भाषाएं।  
हे वट तरू से झांकता स्वर्णिम हर्ष!  
आइए स्वागत है।  
हे नूतन वर्ष...!  
मन को शांति दिलाने वाले,  
जन-जन का भाग्य विधाता।  
दृढ़ प्रबल पुलकित भाव,  
अरु प्रगतिपथ दिखाता।

हे गूढ़ विचार-विमर्श !  
आइए स्वागत है।  
हे नूतन वर्ष...!  
धराधाम के स्थापित धर्म के,  
नवसृजन खातिर।  
समाज अरु राष्ट्र के,  
नवपरिवर्तन खातिर।  
हेनीति-निर्माण-निष्कर्ष!  
आइए स्वागत  
हे नूतन वर्ष...!



टीकेश्वर सिन्हा  
''गब्दीवाला''  
घोटिया-बालोद  
(छत्तीसगढ़)

## नववर्ष की नन्ही कहानी

# उधार का न हो नववर्ष

**विजय मिश्रा "अमित"**



रामदेव अपने खेत की मेड़ पर बैठ-बैठे टमाटर की चटनी के साथ रोटी खा रहा था। तभी एक बड़ी सी कार वहां आकर झटके से रूकी। उससे उड़ती धूल से चटनी रोटी को बचाने रामदेव ने अपने गमछे से ढंक दिया। वह आशंकित भाव से कार की ओर ताकने लगा।

तभी कार से उतरते अपने बाल मित्र गोविंद को देखकर वह गदगद हो उठा। गोविंद के बैठने के लिए गमछा बिछाते हुए उसने कहा-बैठ भाई, बड़ी शानदार कार में घूम रहा यार। लगता है स्वर्ग सी जिंदगी बन गई है तेरी, किंतु आज नववर्ष के पहले दिन शहर की पार्टी छोड़ कर यहां कहां खेत-खार में सियार के जैसे भटक रहा है।

रामदेव की बात सुन कर गोविंद की आंखें भर आई।आंसू पोंछते वह बोला-स्वर्ग जैसी दिखती मेरी जिन्दगी कर्ज में डूबी हुई जिन्दगी है। विलासिता पूर्ण जिंदगी की चाह में मैं कर्ज के दलदल में धंस गया हूं।

उसकी बातें सुनकर रामदेव ने पानी देते कहा-भाई मेरी बातों का बुरा मत मानना। तुम्हारी मंहगी कार को देखकर मुझे लगा कि तुम मालदार अमीर बन गए हो।

पानी पी कर गोविंद लम्बी सांसे छोड़ते हुए बोला-उधार ले के घी पीने से बढ़िया जिनगी तो तुम्हारी सुक्खी रोटी-चटनी की जिन्दगी है भाई। दूसरों की देखा देखी, झूठी शान शौकत में सुध-बुध खोता चला गया और उधारी में आकंठ डूब गया हूं। कर्ज वसूलने आज मेरे घर पर कब्ज़ा करने लठैत आने वाले हैं। ऐसी नर्क भरी जिन्दगी जीते मैं मुंह छुपाते भागते फिर रहा हूं। मन तो करता हे फांसी लगाकर छुटकारा पा जाऊं।

इसे सुनकर गोविंद की पीठ पर हाथ रखते रामदेव बोला-उधारी की जिन्दगी भिखारी की जिन्दगी से भी बद्तर होती है भाई। फंस गए हो तो हिम्मत से काम लो। फांसी लटकने से रास्ता नहीं निकलेगा उल्टा तुम्हारे परिवारजनों पर दूबले को दो असाड़ जैसा दुःख टूट पड़ेगा। चलो तुम्हारी उधारी चुकाने की जिम्मेदारी मैं लूंगा। नववर्ष पर उधार की जिन्दगी छोड़ कर सुधार की जिन्दगी आरम्भ करना।

रामदेव की बातें सुनकर गोविंद के हृदय में जीने का जज़्बा जाग उठा। रामदेव को गले लगाते वह बोल पड़ा-तुमने मेरी आंखें खोल दी भाई। और मित्र धर्म का पाठ भी बखूबी पढ़ा दिया। हैप्पी न्यू ईयर भाई, हैप्पी न्यू ईयर।

पूर्व अति महाप्रबंधक  
एम 8 सेक्टर 2,अग्रोहा सोसायटी,  
पोआ-नगर सुंदर,रायपुर(छ.ग.)492013  
मो.9893123310

## कविता

### नवा बछर के बधाई




मंगलभय होही जीवन ह,  
अऊ खुशिया लेके आही।  
सबला दाना खाना मिलय,  
झन आवय रोग राई।  
बने-बने बीतय दिन ह,  
सुघ्घर नवा बछर होही।  
सुख सम्पति ले भरे रही,  
छत्तीसगढ़ जब्बर होही।।  
न कहु उदास होव,  
न कहु हतास होवय।  
सबमें मया परेम,  
अऊ आनंद उल्लास होवय।  
नवा बछर म सब खुशहाली होवय।  
खेत खार हरियाली होवय।  
बुढ़वा जबान जम्मों नांचे गवय,  
मन मगन मतवाली होवय।  
घर-घर ज्ञान के दीप जले,  
न कही अधियारी होवय।  
नवा बछर के नवा जोत ले,  
सबके जिन्दगी म उजियार होवय।  
नवाा सरकार नवा राजा,  
बने करही कारज।  
छत्तीसगढ़ ह पोठ होही,  
अऊ आघू बढ़ही भारत।  
राहुकेतू अऊ शनिच्चर के,  
झन परे परछाई।  
नवा बछर के भारत वासी ल,  
गाड़ा-गाड़ा बधाई।



- आनंदराम साहू,  
कु.बो. भाठागांव

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर पर जा सकते हैं। छात्र आज शिक्षा में आ रही समस्याओं के लिए अपने गुरुजन से बातचीत करेंगे। आपके लिए तरक्की के नए-नए रास्ते खुलेंगे।




**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज परिवार में चल रही अनबन से आपको छुटकारा मिल जायेगा। आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे और उनको कुछ आवश्यकता की चीजें भी गिफ्ट करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को पूरा करने में दोस्त की मदद मिलेगी।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको किसी नए काम में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा। परिवार के लोग आज आपसे कुछ खास चीजों की डिमांड कर सकते हैं। आज आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे, जो आपके रुके हुए कार्यों को पूरा कराने में मददगार साबित होगा।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में चल रही समस्या आज समाप्त होगी। आज आप किसी मित्र से मिलने उनके घर जायेंगे। साथ में कहीं घूमने भी जायेंगे। आज आपके कार्यों में माता पिता का सहयोग मिलेगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता को उनकी पसंद की कोई चीज गिफ्ट करेंगे। आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके जरूरी कागजातो पर ध्यान अवश्य देना चाहिए। प्रापर्टी में निवेश करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज आप नया वाहन लेने का मन बनायेंगे।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेंगे। आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आपका कोई जरूरी काम समय से पूरा हो जायेगा, आप रिलैक्स महसूस करेंगे। किसी नये प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को आज किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही रूकावट आज दूर होगी।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। किसी कानूनी मामले में भी आज आपको जीत मिलने के योग बन रहे है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर फोकस बनाए रखना होगा। संतान पक्ष से आज आपको कोई शुभ समाचार मिलेगा।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। संतान की नौकरी से संबंधित कागजात तैयार करने के लिए भागदौड़ में लगे रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको गिले-शिकवे दूर करने का मौका मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आज आपको मनपसंद काम मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।




**मकर**

आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहने वाली है। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा। संतान की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।



**कुंभ**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नये-नये मार्ग खोलेगा। छात्रों को जल्द ही सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं।



**मीन**

आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप व्यापार के मामले में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। यदि आपने पहले किसी को पैसा उधार दिए थे, तो आज वो वापस मिलेगा। आज आपको किसी से बात करते समय मीठी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। आज आप अपने बढ़ते खर्च को नियंत्रण करने का प्लान बनायेंगे।

# पहला कॉलम...

## पदुमतरा में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर गर्भ संस्कार एवं किशोरी रक्तल्पता जांच शिविर संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आरके शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत पदुमतरा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयुष्मान आरोग्य मंदिर पदुमतरा में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर दिनांक 29 दिसंबर को गर्भ संस्कार सेशन एवं किशोरी रक्तल्पता जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू, जनपद सभापति, राजनांदगांव, अध्यक्षता ललिता साहू, सरपंच-ग्राम पंचायत पदुमतरा एवं विशिष्ट अतिथि मोहन साहू, मुरली साहू, कुमारी बाई साहू, दया साहू, भगवन्तिन कुर्रे, अनिता गंधर्व, द्वारा धन्वन्तरि पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर सभापति ओमप्रकाश साहू द्वारा उद्बोधन में गर्भ संस्कार का सभी गर्भिणी माताओं द्वारा दैनिक व्यवहार में उपयोग किये जाने हेतु अपील की गयी तथा सरपंच ललिता साहू द्वारा किशोरी बालिकाओं को रक्तल्पता से होने वाले विकारों की जानकारी देते हुए उचित आहार विहार औषधि प्रयोग करने की अपील की गयी।

ग्राम पंचायत पदुमतरा के सौजन्य से 50 किशोरी बालिकाओं तथा 12 गर्भिणी माताओं की रक्त जांच की गयी तथा गर्भिणी माताओं को मासानुमासिक योग एवं प्राणायाम एवं कार मंत्र उच्चारण करवाया गया तथा नित्य घर में भी मासानुमासिक निर्दीष्ट सिखाये गए योगाभ्यास एवं आहार क्रम का अभ्यास करने की सलाह दी गयी। तत्संबंधी ब्रॉशेर वितरण भी किया गया। तत्पश्चात गर्भ संवाद एवं गर्भ संस्कार संगीत श्रवण करवाया गया। गर्भ स्थापक औषधि धारण एवं पान करवाया गया। डीआर साहू द्वारा गर्भ संस्कार विधि एवं उससे होने वाले फायदों के विषयों के बारे में जानकारी दी गयी। गर्भिणीयों को ग्राम एवं परिवार के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षा दुबे करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर पदुमतरा में विभिन्न किये गए कार्यों एवं प्रदत्त निरंतर सहयोग हेतु ग्राम सरपंच ललिता मोहन साहू एवं ओमप्रकाश साहू का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

इस शिविर के संपादन में महिला बाल विकास विभाग सेक्टर सुपरवाइजर अर्पणा श्रीवास्तव, सतीश राम, शांति यादव, हर्ष कुमार, पिंगला गंधर्व, अमरीका शिवारे, सुरेखा कुर्रे, कांति कुर्रे, इंद्राणी साहू का विशेष सहयोग रहा।

## जितेन्द्र गोसाई एवं अभिजित श्रीरंगे ने किया रक्तदान



राजनांदगांव (दावा)। जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में शांति नगर चिखली बौद्ध बिहार समिति के अध्यक्ष संदीप कोल्हाटकर के नेतृत्व में जितेन्द्र गोसाई एवं अभिजित श्रीरंगे ने रक्तदान किया एवं उनके साथी कुणाल बोरकर, संजय हुमने ने सभी वर्ग के समाज के प्रति उनका बड़ा योगदान रहा है। जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक कर्मचारी जगदीश सोनी का भी रक्तदान करने वाले नौजवान को भी जानकारी देने मे भी बड़ा योगदान रहा है।

## श्रीलंका अशोक वाटिका से भगवान श्री राम जी की चरण पादुका व राम राज यात्रा का कल होगा आगमन

### यह यात्रा पूरे छत्तीसगढ़ भ्रमण कर अयोध्या पहुंचेगी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में सनातन धर्म परिवार व शनिदेव मंदिर, बागेश्वर धाम मंदिर, सर्व हिन्दू समाज, बाल रत्न गौ समिति व सभी शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक सनातनी प्रेमीबंधु के द्वारा भगवान राम राज यात्रा श्रीलंका अशोक वाटिका से भगवान रामचन्द्र जी के चरण पादुका का आगमन संस्कारधानी नगरी, राजनांदगांव में कल 02 जनवरी को प्रातः 10 बजे बागेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर चौक, हनुमान मंदिर, जय स्तंभ चौक होते हुए दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। इस शुभ अवसर पर संस्कारधानी नगरी के सभी सनातनी प्रेमियों व सर्व हिन्दू समाज व शहर के सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से सादर अनुरोध है कि, अगर हम अयोध्या भगवान राम लला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जा सकते है तो कम से कम हम सभी सनातनी बंधु ज्यादा से ज्यादा संख्याओं में भगवान श्रीलंका से भगवान श्री राम जी की चरण पादुका का दर्शनलाभ लेने व भगवान राम राज यात्रा में सह परिवार धर्मलाभ लेने जरूर पहुंचे। क्योंकि यह श्रीलंका अशोक वाटिका से आने वाली चरण पादुका छत्तीसगढ़ में भ्रमण कर अयोध्या पहुंचेगी। अतः सनातन धर्म परिवार यही अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर हम सबके सनातन धर्म के मजबूत व आगे बढ़ाए। सनातन धर्म के परिवार द्वारा 20 जनवरी को मानव मंदिर चौक, हनुमान मंदिर जगन्नाथ मंदिर व 21 जनवरी को बालाजी मंदिर से लक्ष्मीनारायण मंदिर तक व 22 जनवरी को भगवान राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के दिन दिग्विजय स्टेडियम में अयोध्या के बाद संस्कारधानी, राजनांदगांव में भी दीप महोत्सव का अदभुत नजारा हम सबकी सनातन संस्कृति के साथ सभी आयोजनों व दिग्विजय स्टेडियम में दिखाई देगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए सनातन धर्म परिवार के संतोष पटाक ने संस्कारधानी के सभी सर्व हिन्दू समाज व सभी सनातनी परिवारों से पूरे परिवार सहित ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।



# प्रधान पाठक जांगड़े निलंबित

**0 क्षेत्रीय जनपद सदस्य रवि अग्रवाल की शिकायत पर की गई कार्यवाही**
**0 गैर जिम्मेदाराना हरकतों के साथ, महिला शिक्षिकाओं से दुर्व्यवहार की शिकायत**

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह ने शासकीय प्राथमिक शाला हरण सिंघी के प्रधान-पाठक राकेश जांगड़े को विभिन्न शिकायतों के जांच उपरांत सही पाए जाने पर निलंबित कर दिया है। 23 दिसंबर को निकले गए आदेश में कहा गया है कि प्रधान-पाठक राकेश जांगडे के द्वारा सहकर्मी, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करना, निर्धारित समय से पूर्व अवकाश घोषित करना, शालेय समयावधि में अनुपस्थित रहना, बिना पूर्व अनुमति प्राप्त किये उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देशित शासकीय कर्तव्य से अनुपस्थित रहना, शाला में प्रशासनिक नियंत्रण नहीं रखना एवं शाला में पदस्थ महिला शिक्षकों के प्रति अनुचित व्यवहार करने को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) निगम, 1984 के नियम 3 के विपरित माना गया है। अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम के उपनियम 1 के अनुसार संबंधित शासकीय सेवक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव, नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

प्राचार्य बेलगांव से कराई गई जांच शास. प्राथमिक शाला हरण सिंघी के प्रधान पाठक राकेश जांगड़े के विरुद्ध क्षेत्रीय जनपद सदस्य रवि अग्रवाल की शिकायत पर, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्य, शास. उच्च माध्य, शाला बेलगांव से जांच कराई गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्य बेलगांव को जांच विषयक भेजे गए पत्र में कहा गया था कि, जनपद पंचायत सदस्य रवि अग्रवाल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला हरण सिंघी प्रधान पाठक राकेश जांगडे के आचरण की शाला में पदस्थ शिक्षिकाओं तथा ग्रामीणों द्वारा शिकायत लगातार प्राप्त होने की सूचना इस कार्यालय को प्राप्त हुई है। पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायत की सूचना इस कार्यालय को भी प्राप्त हुई है। 05 दिवस के भीतर स्पष्ट अभिमत के साथ जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

जांच अधिकारियों ने शिकायत को सही पाया - राकेश जांगड़े के द्वारा आचार संहिता के दौरान बच्चों को समय से पूर्व अवकाश दिया गया था। गत वर्ष से विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के दौरान रामाटोला में अपनी शाला के छात्र को लापरवाही पूर्वक बिना किसी सूचना के रात को रामाटोला में बिना गार्जियन के छोड़ दिया गया था। शाला समय पर नहीं आते है और किसी भी काम का बहाना बनाकर समय पूर्व चले जाते हैं। इस वर्ष दिनांक 7,8 व 9 दिसंबर को जटकन्हार में आयोजित संकुल व जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जोन स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 9 दिसंबर को बिना किसी को सूचना दिए अनुपस्थित थे। राकेश जांगड़े प्रशासनिक तौर पर भी शाला में नियंत्रण नहीं रखते हैं। विभिन्न प्रकार की पंजीयन शाला में संधारित नहीं है। शिक्षकों के प्रति उनका व्यवहार भी प्रोत्साहन देने वाला नहीं है एवं नकारात्मक है। गत वर्ष ग्रामवासियों के द्वारा शाला में पदस्थ महिला शिक्षकों के प्रति अनुचित व्यवहार संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी जिसकी जांच तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा की गई थी एवं उन्हें लिखित में चेतावनी जारी की गई थी। समय-समय पर आधिकारिक समूह में भेजे जाने वाले डाक का जवाब भी समय पर नहीं आता है। फोन भी उनके द्वारा नहीं उठाया जाता। उपरोक्त विभिन्न कार्य से स्पष्ट प्रतीत हो रहा है की राकेश जांगड़े का शाला संबंधी कार्य पर कोई रुचि नहीं है। एक जिम्मेदार पद पर होते हुए सभी कार्यों में घोर लापरवाही परिलक्षित हो रही है। शिक्षा गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जांच अधिकारियों ने अपने अभिमत में कहा की, राकेश जांगड़े का व्यवहार शालाहित में नहीं है। शिक्षा गुणवत्ता के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। अतः राकेश जांगड़े (प्रधान-पाठक) प्राथमिक शाला हरण सिंघी को अन्यत्र स्थानांतरित करने की अनुशंसा की जाती है।

## विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में आसरा स्कूल प्रथम



डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजेभांठा में आयोजित विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में विकासखंड के लगभग 12 हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट विज्ञान प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसरा के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रदर्शनी में विद्युत चलित कार को डिस्चार्ज होने पर कैसे चार्ज किया जाए, इस मॉडल का प्रदर्शन किया गया। इस मॉडल पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा इस प्रकार बोर्ड परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरिट में अपना स्थान बनाने के लिए कहा। पुरस्कार प्रदान करते हुए श्री सिंह यह भी उम्मीद की छात्राएं तो परीक्षा में मेरिट लिस्ट स्थान बना रही है इसी प्रकार छात्रों को भी कड़ी परिश्रम करने की आवश्यकता है।

इस विषय पर शिक्षकों को भी प्रेरित करते हुए कहा आप जिले में अच्छा परीक्षा परिणाम के लिए और भी विद्यार्थियों को प्रेरित करें। इस विशेष उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शाला परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने हार्दिक शुभकामनाएं दी, यह प्रदर्शनी संस्था के प्राचार्य रोहित कुमार तारम एवं भौतिक शास्त्र के विषय विशेषज्ञ हुकुमलाल चतुर्वेदी का विशेष मार्गदर्शन रहा।

## पशुधन सेवा हेतु आईटीबीपी ने लगाया वेटनरी कैम्प



डोंगरगढ़ (दावा)। 40वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा गातापार जंगल कैम्प के अन्तर्गत आने वाले ग्राम गाड़ाघाट में शनिवार को वाहिनी के कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन में वेटनरी कैम्प लगाया गया। कैम्प का नेतृत्व डॉ अमित पांडेय, मुख्य पशु चिकित्सक, 40वीं वाहिनी द्वारा किया गया।

इस मौके पर डॉ पांडेय द्वारा लगभग 125 पशुओं का चिकित्सा परीक्षण किया, जिसमें बीमार तथा कमज़ोर पशुओं का उपचार किया गया। कैम्प में उपस्थित पशुपालकों को पशुपालन के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दिये गये ताकि पशुओं से स्वस्थ्य में सुधार रहे। इस अवसर पर जिला खैरागढ़ के मुख्य पशु चिकित्सक डॉ राजीव शर्मा, गातापार कैम्प कमांडर सहायक कमांडेंट श्याम भट्ट, निरीक्षक राजीव, जन प्रतिनिधि कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा हिमवीर उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से हो रहा देश का नया निर्माण - सोनी



डोंगरगढ़ (दावा)। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को गांव और घर-घर तक पहुंचाने भारत के संकल्प के साथ देश को विकसित बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव और वार्ड तक पहुंच रही है। लोगों की समस्याओं का समाधान करने एवं निचले स्तर तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु सरकार द्वारा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर गांव-गांव तक समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पहुंच रहे हैं।

इसी क्रम में ग्राम ढारा एवं ग्राम सलोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा यात्रा में पहुंचे भाजपा के मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम एवं जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष मनीष कुमार सोनी ने अपने विचारों को जनता के सामने रखा और समस्त ग्रामवासियों के साथ विकसित भारत के लिए अपना सहयोग देने की संकल्प लिया और प्रधानमंत्री को समस्त योजना के क्रियान्वयन करने और आम जनता और गरीब की सेवा करने हेतु और उनके एवं देश के विकास के लिए लाभकारी योजनाएं लाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम जिला किसान मोर्चा के मनीष कुमार सोनी मंडल के महामंत्री लखन जंघेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महामंत्री रवि यादव युवा मोर्चा अध्यक्ष राघवेंद्र गांव के सरपंच राजेंद्र अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र सहित समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नवोदय तैयारी कर रहे बच्चों का लिया गया प्री टेस्ट



गंडई पंडरिया (दावा)। नवोदय प्री टेस्ट परीक्षा का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडरवानी में रविवार को हुआ, जिसमें तीन जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कबीरधाम एवं बेमेतरा के विद्यार्थी शामिल हुए। जवाहर नवोदय विद्यालय प्री टेस्ट परीक्षा का आयोजन रामदत्त साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ईरीमकसा के मार्गदर्शन से छुईखदान ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडरवानी में रखा गया। आयोजन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडरवानी के अंतर्गत संकुल समन्वयक आर.बी.साहू सर, संकुल समन्वयक मुकेश कश्यप सर के साथ-साथ आस-पास के पालकों और शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा। बच्चों में इस परीक्षा के प्रति उत्साह देखने को मिला। मुख्य रूप से

### शामिल हुए 400 बच्चें

इस परीक्षा में सहयोग के रूप में लोकेश कुमार साहू, डोगेंद्र कुमार वर्मा, मुकेश वर्मा, देवराम साहू, भागचंद साहू, देवानंद सोनी, टागेश्वर साहू, बिशेश्वर साहू, महेंद्र कुमार साहू, दौलत सिदार, रामगोपाल चिरामे, पीलालाल साहू, गंगाधर साहू एवं अन्य शिक्षकों के साथ पेंडरवानी के पालक घनाराम धुर्वे, किसुन साहू, शेषु साहू, इंदल राम साहू, गोपाल साहू, खुमेश बंजारी, रेवाराम एवं अन्य पालकों का भरपूर सहयोग रहा। अंत में बच्चों को परीक्षा परिणाम के साथ आगामी परीक्षा हेतु रामदत्त साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ईरीमकसा, देवाराम साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्ठी विकासखंड साजा जिला बेमेतरा, डोगेंद्र वर्मा प्रधानपाठक पिपरिया विकासखंड साजा जिला बेमेतरा, मुकेश वर्मा शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्ठी विकास खंड साजा जिला बेमेतरा के द्वारा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया और जो बच्चे परीक्षा में ज्यादा अंक अर्जित किए उसको संकुल समन्वयक पेंडरवानी आर.बी.साहू एवं संकुल समन्वयक लिमो मुकेश कश्यप के हाथों सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन में पेंडरवानी के पालकों का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

## वाणिज्य विभाग द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही .रेवती के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सर्वप्रथम वेद प्रकाश साहू द्वारा विद्यार्थियों को उपभोक्ता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपभोक्ता के अधिकारों से अवगत कराया एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हेतु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में हुए संशोधन की जानकारी दी।

तत्पश्चात गोपाल कृष्ण यादव द्वारा यह बताया गया कि यदि उनके साथ किसी प्रकार का धोखा या गलत व्यवहार होता है तो वह अपने शिकायत कहां दर्ज करवा सकते हैं एवं इसकी पूरी प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती द्वारा विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने को कहा और अपने आसपास भी लोगों को जागरूक करने की बात कही। अंत में श्रीमती ज्योति साहू द्वारा उपभोक्ताओं के साथ होने वाले छल कपट जैसे कभी कम नाप तौल की वस्तुएं देकर तो कभी मिलावटी वस्तुएं देकर उपभोक्ताओं को कैसे बाजार जगत में ठगा जाता है, के विषय में जानकारी दी और सचेत रहने को कहा। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## सर्व सेन नाई समाज दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक में पदाधिकारियों का हुआ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव क्लब चौक राजीव नगर बसंतपुर में सर्व सेन नाई समाज का दुर्ग संभाग का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें दुर्ग संभाग में शामिल सात जिला राजनांदगांव, कवर्धा, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, खैरागढ़ छुईखदान, गंडई, मानपुर, मोहला, अम्बागढ़ चौकी के ब्लॉक और जिला पदाधिकारीगण शामिल हुए। तीन सत्र के इस बैठक में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे और प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन, प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक, प्रांतीय कोषाध्यक्ष किशन सेन, प्रांतीय चुनाव अधिकारी खम्मन लाल शांडिल्य और सभी जिलों के जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में समाज के इष्टदेव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण के लिए राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष शेष नारायण शांडिल्य ने दिया।

सांसद संतोष पांडे ने समाज की एकरुपता पर जोर दिया और कहा समाज का कोई भी कार्य बिना ब्राह्मण और नाई के बगैर पूर्ण नहीं होता है। जन्म से मृत्यु तक के कार्यों में नाई की बहुत आवश्यकता मानी जाती है। आप सभी को अपनी ताकत को पहचान कर संगठित होकर रहना होगा। अभी हाल ही में आपके समाज के बेटा रिकेश सेन को वैशाली नगर से विधानसभा में पहुंचाया है, आप सबमें प्रतिभा की कमी नहीं है, बस जरूरत है उन्हें अवसर मिलने का राजनांदगांव सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन पूर्व के चार बार के पार्षद हैं।

द्वितीय सत्र में प्रांत कार्यकारिणी के लिए सभी जिला अध्यक्षों की उपस्थिति में प्रांत पदाधिकारियों की नाम का घोषणा की गई, जिसमें दुर्ग सम्भाग अध्यक्ष शिव कुमार सेन(राजनांदगांव), प्रांतीय उपाध्यक्ष ऋषि कुमार सेन (बेमेतरा), प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य संतोष सेन(दुर्ग), संतोष श्रीवास (बालोद), मोहन लाल सेन(बेमेतरा), मन्नूलाल सेन(कवर्धा), बंशीलाल सेन(खैरागढ़), प्रवीण कौशिक(राजनांदगांव), गोपाल सेन (मोहला), संभाग का सेलून संघ दुर्ग अशोक सेन, मोहला- हेमन्त भारद्वाज, बालोद - मुकेश कौशिक, दानेश्वर सेन, सहदेव सेन, रामकुमार श्रीवास, विजय सेन संभाग का प्रांत के लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी. राजनांदगांव- निशा श्रीवास, केशरी श्रीवास, पायल सेन, सन्तोषी सेन, बालोद- भीमेश्वरी शाण्डिल्य, फूलकुंवर भारद्वाज, राजेश्वरी कौशिक, ऊषा सेन, इंद्रकला सेन नामों की घोषणा की गई।

इसी प्रकार तृतीय सत्र में समाज के प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया जिसमें सर्व सेन नाई समाज के गौरव राज्यपाल शिक्षक सम्मान 2023 से सम्मानित शिक्षक और नशा मुक्ति अभियान के ब्रांड एम्बेसडर प्रधानपाठक तुलेश्वर कुमार सेन का सम्मान किया गया। विकास श्रीवास को नेशनल और इंटरनेशनल कबड्डी में गोल्ड मेडल मिलने पर, संतोष सेन दुर्ग को रक्तदान के लिए, साथ ही सभी आगन्तुक प्रांतीय प्रमुखों, रायपुर जिला व दुर्ग सम्भाग के सभी जिला प्रमुखों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवशरण सेन, अनिल कौशिक ने किया। आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री अनूप श्रीवास ने किया।

## सोमनी में निकली गई भव्य कलशयात्रा



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय अस्मिता का बहुत बड़ा आंदोलन हमारे जीवन में हुआ है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर का कार्य लगभग पूर्ण हो रहा है। 22 जनवरी को नवनिर्मित मंदिर में रामलीला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। देशभर के लोग इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने इसके लिए 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक देश भर में व्यापक जनसंपर्क अभियान के निमित्त पूजित अक्षत और श्री रामलला का चित्र लेकर स्वयंसेवक घर-घर जनसंपर्क करेंगे। सोमनी में भी अयोध्या से आए अक्षत कलश को पूरे ग्राम में कलशयात्रा के रूप भ्रमण कराया गया। इस कलशयात्रा में स्थानीय महिला-पुरूषों के साथ बच्चे, बूढ़े सभी ने बड़े उत्साह से भाग लिया। आसपास के 12 गांव से भी प्रतिनिधि पधारे थे, जिसमें फरहद, ठेकवा, ककरेल, महुआभाठा, ठाकुरटोला, खुटेरी, इरा, सांकरा, धीरी, इंदावानी, बैगटोला आदि स्थानों के लोगों ने भाग लिया।

# पहला कॉलम...

## टिक टॉक पर वीडियो बनाने के चक्कर में मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पंजाब में स्थित सराय आलमगीर शहर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यहां टिक टॉक पर वीडियो बनाने को लेकर दो बहनों के बीच में लड़ाई हो गई, जिसमें 14 साल की लड़की ने अपनी बहन को गोली मार दी.ऋड्ड न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक दो बहनों सबा अफजल और मारिया अफजल के बीच उस समय झगड़ा हो गया, जब वे टिक टॉक पर वीडियो फिल्मा रहीं थीं. वीडियो बनाने के दौरान दोनों बहनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जिसके बाद सबा अफजल ने अपनी बहन को गोली दी. इसके बाद उसके भाई ने सदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कर दी. इससे पहले दिसंबर में ही पाकिस्तान के शेखपुरा जिले में टिक टॉक पर वीडियो बनाने के क्रम में तीन युवाओं की जान चली गई थी. पाकिस्तान के सफदराबाद तहसील के खानकाह डोगरान शहर के निवासी मोटरसाइकिल पर एक टिक टॉक वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे. इस दौरान उनलोगों को ध्यान भटक गया और रॉन्ग साइड से आने वाली कार से मोटरसाइकिल टकरा गई. इसके बाद तीनों लड़कों की मौत हो गई. पाकिस्तान में 24 दिसंबर को सिंध प्रांत की राजधानी कराची के एक प्रमुख धार्मिक स्कूल जामिया बिनोरिया टाउन ने एक फतवा जारी किया था.

## केपटाउन टेस्ट में द.अफ्रीका की कप्तानी करेंगे डीन एल्गर

सेंचुरियन । भारत को सेंचुरियन टेस्ट में पारी और 32 रन से हराने वाली अफ्रीकी टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा सीरीज के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। तेम्बा बावुमा की जगह डीन एल्गर अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के अंतिम मैच में टीम की कप्तानी करेंगे। उन्होंने श्रृंखला से पहले संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की थी। वहीं, बावुमा के रिप्लेसमेंट के रूप में जुबैर हमजा को टीम में शामिल किया गया है।

बावुमा को सुपरस्पोर्ट पार्क में पहले टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग करते समय चोट लगी और स्कैन से पता चला कि उनके मांसपेशियों में खिंचाव है, जिसके कारण वह दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी से बाहर रहे। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने के लिए एसए20 की शुरुआत से पहले उन्हें मेडिकल जांच से गुजरना होगा।

## जनवरी में बैंकों में आधे महीने रहेगी छुट्टी

नई दिल्ली। कल से नए साल का आगाज हो रहा है. ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक की छुट्टियों की लिस्ट जारी कर दी है. बैंक आम लोगों के जीवन का एक जरूरी हिस्सा है. ऐसे में अगर बैंकों में लंबे वक्त तक छुट्टी रहती है तो लोगों को कई बार बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है. जनवरी में अगर आपको भी बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम पूरा करना है तो यहां छुट्टियों की लिस्ट को जरूर देख लें. इससे आपको अपने काम की प्लानिंग करने में आसानी होगा. भारतीय रिजर्व बैंक ने 2024 के आगाज से पहले ही अगले साल के पहले महीने के छुट्टियों की लिस्ट जारी कर दी है. आरबीआई के अनुसार अलग-अलग त्योहारों, जयंती और राष्ट्रीय पर्व के कारण बैंकों में जनवरी में कुल 16 दिन अवकाश रहेगा. आरबीआई राज्यों के लोकल त्योहारों और जयंती के हिसाब से छुट्टी की लिस्ट जारी करता है. जनवरी में लोहड़ी, मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस आदि के कारण कई राज्यों में बैंकों में 16 दिन अवकाश रहेगा. इसके साथ दूसरे और चौथे शनिवार व हर रविवार को भी बैंक बंद रहेगा. हम आपको यहां राज्यों के हिसाब से छुट्टियों के लिस्ट के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

## आतंकियों ने पुलिस स्टेशन के पास किया बम विस्फोट, दो मासूमों की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं. आए दिन आतंकी हमलों के कारण पड़ोसी मुल्क का कोई न कोई क्षेत्र दहलता है. ताजा मामला पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत का है, जहां एक पुलिस स्टेशन के पास रिमोट-नियंत्रित बम विस्फोट हुआ है. जिसमें दो बच्चों की दर्दनाक मौत हुई है.

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार (30 दिसंबर) को बलूचिस्तान के बोलान जिले में सड़क किनारे हुए बम विस्फोट में 10 और 12 साल की उम्र के दो बच्चों की मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया कि यह ब्लॉस्ट बोलान के माच इलाके में हुआ. हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों की पहचान 10 वर्षीय बाबर और 12 वर्षीय अहमद जान के रूप में हुई है.

# हॉकी वर्ल्ड कप 2024 : भारत की पुरुष और महिला टीम का हुआ एलान




नई दिल्ली। ओमान के मस्कट में होने वाले एफआईएच हॉकी फाइव्स वर्ल्ड कप के लिए भारत की पुरुष और महिला टीम का एलान कर दिया गया है। मेंस टीम की कमान सिमरनजीत के हाथों में सौंपी गई है, तो महिला टीम की कप्तानी रजनी इतिमारपु करती हुई नजर आएंगी। टूर्नामेंट में महिला टीम 24 से 27 जनवरी के बीच अपने मुकाबले खेलेगी, जबकि पुरुष टीम अपने अभियान का आगाज 28 जनवरी से करेगी।

### सिमरनजीत के हाथों में मेंस टीम की कमान

ओमान की धरती पर होने वाले विश्व कप के लिए पुरुष टीम की कमान फॉरवर्ड खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह के हाथों में सौंपी गई है। वहीं, डिफेंडर मनदीप को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में सूरज और प्रशांत चौहान के रूप में दो गोलकीपर को शामिल किया गया है। डिफेंडर के तौर पर मनदीप और मनजीत को टीम में जगह मिली है। मिडफील्डर की भूमिका में राहील मौसीन और मनिंदर सिंह नजर आएंगे। फॉरवर्ड खिलाड़ी के तौर पर पवन, गुरजोत सिंह, सिमरनजीत और उत्तम सिंह को टीम में जगह दी गई है।

### रजनी होंगी महिला टीम की कप्तान

विश्व कप के लिए महिला टीम की कप्तानी रजनी इतिमारपु करते हुई नजर आएंगी। महिमा चौधरी को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। फॉरवर्ड खिलाड़ी के तौर पर अजमीना कुजूर, रुताजा, दीपिका सौरंग को शामिल किया गया है। डिफेंडर की भूमिका में महिमा, ज्योति और अक्षता को रखा गया है। भारतीय महिला टीम को पूल-सी में रखा गया है, जहां उनकी भिड़ंत नामीबिया, पोलैंड और अमेरिका के साथ होनी है।

### पुरुष टीम की होगी इन टीमों से भिड़ंत

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को वर्ल्ड कप 2024 में पूल-बी में जगह दी गई है। टीम ग्रुप स्टेज में मिस्र, जमैका और स्विजरलैंड से भिड़ना होगा। पूल-ए में नीदरलैंड्स, पाकिस्तान, पोलैंड और नाइजीरिया को रखा गया है, जबकि पूल-डी में मलेशिया, फिजी, ओमान, अमेरिका और फिजी को शामिल किया गया है। पूल-सी में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद और कीनिया को रखा गया है।

# अरब सागर में भारतीय नौसेना ने तैनात किया नेवल टास्क ग्रुप



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं के बाद भारतीय नौसेना ने उत्तर व मध्य अरब सागर और अदन की खाड़ी में निगरानी बढ़ा दी है.

नौसेना ने बताया कि समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने और किसी भी हमले की स्थिति में व्यापारिक जहाजों की मदद करने के लिए नेवल टास्क ग्रुप को तैनात किया गया है. नौसेना ने कहा कि वह हिंद महासागर में नए सुरक्षा खतरों की जांच के लिए तटरक्षक बल के साथ मिलकर काम कर रही है. भारतीय नौसेना का यह कदम एक व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो पर भारतीय समुद्र तट से 400 किमी दूर हुए एक ड्रोन हमला के बाद आया है. वहीं भारतीय नौसेना के विस्फोटक आयुध रोधी दल ने अरब सागर में ड्रोन हमले का सामना करने वाले लाइबेरिया के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो के सोमवार को मुंबई पहुंचने पर उसका विस्तृत निरीक्षण किया. वाणिज्यिक जहाजों पर हाल के हमलों के मद्देनजर, नौसेना ने क्षेत्र में अपनी प्रतिरोधक उपस्थिति बनाए रखने के लिए युद्धपोत आईएनएस मोर्मुगाओ, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता को तैनात किया है.

# सरकार ने 16वें वित्त आयोग का किया ऐलान, अरविंद पनगढ़िया होंगे अध्यक्ष

नई दिल्ली। भारत सरकार ने 16वें वित्त आयोग का गठन कर दिया है. नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है. इसके अलावा ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव बनाया गया है. आयोग के अन्य सदस्यों के नाम बाद में घोषित किए जाएंगे.वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के हिसाब से आयोग के सदस्यों का कार्यकाल 31 अक्टूबर, 2025 तक या रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख तक के लिए होगा.

केंद्र सरकार द्वारा गठित 16वां वित्त आयोग संघ और राज्यों के बीच करों के बंटवारे, राजस्व अनुदान और राज्य के वित्त आयोगों द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों के संपूरण के लिए राज्य की संचित निधि को बढ़ने के लिए आवश्यक उपायों पर अपनी सिफारिश देगा. इसके अलावा 16वां वित्त आयोग आपदा प्रबंधन के उपायों पर भी अपनी सिफारिश देगा. साथ ही डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट, 2005 के हिसाब से फंड बंटवारे पर भी निर्णय लेगा.

16वें वित्त आयोग को निर्देश दिए गए हैं कि वह 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कर दे ताकि 1 अप्रैल, 2026 से 5 साल के लिए उनको लागू किया जा सके. 15वें वित्त आयोग का गठन 27 नवंबर, 2017 को किया गया था.

# महेंद्र सिंह धोनी ने दुबई में मनाई न्यू ईयर पार्टी

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों दुबई में हैं। वह अपनी फैमिली के साथ न्यू ईयर पार्टी मना रहे हैं। दुबई में न्यू ईयर पार्टी मनाते हुए एम एस धोनी की कई तस्वीरें सामने आई है। इन फोटो में देखा जा सकता है कि धोनी बड़े मजे से न्यू ईयर को सेलिब्रेट कर रहे हैं। साक्षी धोनी ने खुद न्यू ईयर पार्टी के अपने कुछ फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि सिर्फ धोनी और साक्षी ही नहीं, बल्कि इस पार्टी में कृति सेनन और नुपूर सेनन जैसी कई हस्तियां भी शामिल हैं।



बता दें कि एम एस धोनी का दुबई के एक सिंगर अब्दू रोजिक के साथ भी फोटो वायरल हो रहा है। इसके अलावा एक अन्य तस्वीर में देखा जा सकता है कि एम एस धोनी की पत्नी साक्षी धोनी पूर्व कप्तान की गोद में बैठी हैं। साक्षी अपने पति धोनी की गोद में बैठकर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में एक गौर करने वाली बात है कि इसमें जीवा नहीं दिख रही है।

# अब कच्चे तेल की खपत में चीन को पछाड़ देगा भारत!




नई दिल्ली। भारत जनसंख्या के मामले में पहले ही चीन को पछाड़ चुका है. अब कच्चे तेल की खपत मामले में भी भारत चीन को पीछे छोड़ने की तैयारी में है. इसकी वजह है अपने देश में तेजी से तेल की खपत में बढ़त. साल 2022-23 में पेट्रोल की खपत 13.4 फीसदी और डीजल की खपत 12.1 फीसदी बढ़ी है. ये बढ़त विकसित देशों में सबसे ज्यादा है और ये रफ्तार अगले कुछ सालों तक कम होने की उम्मीद नहीं है.

अमेरिका, चीन और भारत दुनिया के तीन सबसे बड़े कच्चे तेल उपभोक्ता हैं. इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट कहती है कि साल 2027 में भारत कच्चे तेल की खपत में चीन को पछाड़ देगा और अमेरिका के बाद दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बन जाएगा. आउटलुक ने च्ऑयल 2023ज् नाम की रिपोर्ट में कहा है कि चीन में साल 2024 से घरेलू खपत गिरने से कच्चे तेल की मांग लगातार कम होने लगेगी. क्रूड ऑयल को हिंदी में कच्चा तेल कहा जाता है. कच्चा तेल वह तेल है जो प्राकृतिक स्रोतों से निकाला जाता है और किसी भी तरह से उसका इस्तेमाल नहीं किया गया होता है.

# अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश में लड़कियों का अंडर-19 खिताब जीता



नई दिल्ली। प्रतिभाशाली किशोरी अनाहत सिंह ने 2023 स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश में शानदार भारतीय प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए फाइनल में घरेलू पसंदीदा रॉबिन मैकअल्पाइन पर 11-6, 11-1, 11-5 से जीत के साथ लड़कियों का अंडर-19 खिताब जीता।

खिताबी जीत के साथ दिल्ली की अनाहत के लिए एक शानदार वर्ष समाप्त हो गया, जिन्होंने अंडर-19 और सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में डबल रिकॉर्ड बनाया और एशियाई खेलों और उद्घाटन एशियाई मिश्रित युगल चैंपियनशिप दोनों में अभय सिंह के साथ मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता। इस बीच, भारत के सुभाष चौधरी ने लड़कों के अंडर-15 फाइनल में हमवतन शिवेन अग्रवाल को 5-11, 11-4, 6-11, 11-8, 11-5 से हराया, जबकि श्रेष्ठ अय्यर ने श्रेयांश जाह को अखिल भारतीय लड़कों के अंडर-13 फाइनल में 11-8, 11-8, 3-11, 11- 8 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय आद्या बुधिया ने लड़कियों के अंडर-13 फाइनल में मलेशिया की निया च्यू को 9-11, 11-8, 8-11, 11-8, 11-9 से हराकर लचीलापन दिखाया, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रभाव बाजोरिया ने दूसरी वरीयता प्राप्त आदित्य शाह को अखिल भारतीय लड़कों के अंडर-11 फाइनल में 5-11, 9-11, 11-5, 11-8, 11-6 से हराया। लड़कियों के अंडर-11 वर्ग में दिव्यांशी जैन उपविजेता रहीं। इस आयोजन में 30 से अधिक देशों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## साल 2024 में 72 हजार रुपये तक जा सकती है सोने की कीमत

नई दिल्ली। साल 2023 बीतने में अब सिर्फ एक दिन बचा हुआ है। साल खत्म होते समय सोना चांदी खरीदने वाले लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी रही। सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। शुक्रवार 29 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में 350 रुपये की गिरावट देखी गई और यह 63,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत में भी गिरावट देखी गई और इसके दाम 1,000 रुपये लुढ़क गए। चांदी की कीमत 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। लेकिन साल 2024 में ऐसा नहीं रहेगा। नए साल में सोना महंगा होने के आसार हैं। संभावना जताई गई है कि आने वाले नए साल में सोना 72 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम हो जाएगा।


## ज्योतिष चमत्कार ( 1 जनवरी 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 18 | 26 | 32 | 42 |
| मंगल | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 28 | 34 | 46 | 52 |
| बुध | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 54 | 62 |
| गुरू | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 56 | 64 | 74 |
| शुक्र | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 58 | 68 | 76 | 84 |
| शनि | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 60 | 78 | 86 | 98 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 63 | 75 | 81 | 91 |
| मंगल | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 79 | 85 | 93 | 01 |
| बुध | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 87 | 95 | 03 | 15 |
| गुरू | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 97 | 07 | 17 | 23 |
| शुक्र | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 19 | 25 | 39 |




**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 0 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 6 |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 4 | 5 |
| स्पेशल | 13 | 27 | 48 | 59 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 4 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 5 |
| सप्ताह में अचूक | 6 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 61 | 82 | 93 | 07 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 90 | 97 | 35 | 56 | 13 | 72 |
| 69 | 46 | 96 | 38 | 48 | 65 |
| 22 | 59 | 29 | 44 | 14 | 16 |
| 48 | 02 | 24 | 53 | 54 | 97 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 74 | 26 | 47 | 24 | 37 |
| 94 | 83 | 34 | 87 | 28 |
| 94 | 47 | 30 | 15 | 38 |
| 37 | 28 | 09 | 30 | 42 |

**2022-23 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -21-23-49-66-91-09

राजधानी नाईट 2023 -31-32-35-48-50-62-64-66-79-90-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पेज 1 का शेष...

*राम मंदिर, सीएम योगी और ....*

पर एक मेल भेजा गया, जिसमें लिखा था कि सीएम योगी, एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने जीना बेहाल कर रखा है। और तुम भी बहुत गो सेवक बने हो। इसलिए सभी को बम से उड़ा दिया जाएगा। साथ ही मेल में आगे लिखा था, अयोध्या के श्रीराम मंदिर को भी उड़ाएंगे। और इन सब की जिम्मेदारी आईएसआई ले रहा है।

मामले को लेकर सुशांत गोल्फ सिटी एसएचओ ने राजस्थान पत्रिका से बात करते हुए बताया कि मेल के जरिए राम मंदिर, सीएम योगी व एसटीएफ चीफ को बम से उड़ाने की धमकी दी है। मामला दर्ज कर ली गई है। मामले में आगे उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार किया।

*13 आइएएस को मिली पदोन्नति...*

नई दिल्ली और अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मंडल का दायित्व है। राज्य शासन ने नौ अन्य अधिकारियों को विशेष सचिव से सचिव के वेतनमान पर पदोन्नत किया है। इनमें भीम सिंह, राजेश सिंह राणा, शिखा राजपूत तिवारी, महादेव कावरे, नरेन्द्र कुमार दुग्गा, श्याम लाल धावड़े, शारदा वर्मा, नीरज कुमार बनसोड़ (अभी दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर) और सत्यनारायण राठौर का नाम शामिल है।

इन सभी अधिकारियों की पदस्थापना यथावत रखी गई है। नई सरकार में पहला पदोन्नति आदेश रविवार शाम जारी हुआ। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक इंटरनेट मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा की गई।

*मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत...*

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और नॉर्थ राजस्थान के कई इलाकों में रविवार सुबह (31 दिसंबर) तापमान 7एष्ट-10एष्ट के बीच दर्ज किया गया। द्ब्रस्ठ के मुताबिक मध्य भारत में 24 घंटे में दिन का तापमान घटेगा। इसका मतलब मध्य प्रदेश-राजस्थान में नए साल के पहले दिन ठंड और बढ़ेगी। प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक उत्तर भारत के अलावा झारखंड और ओडिशा के भी कुछ हिस्सों में आज कोहरा छाया रहेगा। वहीं, तमिलनाडु, दक्षिणी केरल, लक्षद्वीप, अंडमान-निकोबार और नॉर्थ-ईस्ट के कुछ हिस्सों में आज हल्की बारिश हो सकती है।

ध्य प्रदेश में दिसंबर में अभी तक शीतलहर नहीं चली है। रात का तापमान सामान्य के आसपास बना रहा। दरअसल, जब रात का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री से लेकर 6.4 डिग्री तक कम हो तब शीतलहर चलना माना जाता है। अगर आज (31 दिसंबर को) भी शीतलहर नहीं चली तो मध्यप्रदेश में 34 साल का रिकॉर्ड टूटेगा।

रविवार को मध्य प्रदेश में मौसम बदला हुआ रहा। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की एक्टिविटी से प्रदेश के ग्वालियर-चंबल संभाग में घना कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग के मुताबिक कई जिलों में हल्की बारिश भी हो सकती है। नए साल के पहले दिन भोपाल में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। यहां दिन का अधिकतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड के सीजन में इस साल छत्तीसगढ़ में कहीं भी न्यूनतम तापमान एक बार भी 4 डिग्री तक नहीं पहुंचा। पिछले 10 साल में दूसरी बार ऐसा हुआ है। अक्सर हर साल अंबिकापुर और पेंड्रारोड में दिसंबर के महीने में एक न एक बार तापमान 4 डिग्री या उससे कम होता है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार इस साल अभी तक सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 5 डिग्री तक ही पहुंचा है।

## एलन मस्क फिर बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी, अर्नाल्ट दूसरे नंबर पर काबिज

नई दिल्ली । टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क फ्रांसीसी लक्जरी टाइकून बर्नार्ड अरनॉल्ट से खिताब वापस लेते हुए एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, 2022 में 138 अरब डॉलर खोने के बाद टेस्ला और स्पेसएक्स की सफलता से उत्साहित मस्क ने गुरुवार के अंत तक अतिरिक्त 95.4 अरब डॉलर कमाए। लक्जरी उत्पादों की मांग में वैश्विक मंदी के कारण एलवीएमएच मोएट हेनेसी लुई वुइटन एसई के शेयरों में गिरावट के बाद उनकी कुल संपत्ति अब अरनॉल्ट से 50 अरब डॉलर से अधिक हो गई है। इंडेक्स के मुताबिक मस्क की कुल संपत्ति अब 232 अरब डॉलर आंकी गई है। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने इस साल अपने खाते में 70 अरब डॉलर से अधिक जोड़े और अब वे अरनॉल्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान




नई दिल्ली।ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच 3 जनवरी 2024 से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। तीसरे टेस्ट मैच को लेकर ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान हो चुका है। टीम में तीसरे मैच को लेकर कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। सीरीज के दो मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अजेय बढ़त बना रखी है। अब तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान को हराकर सीरीज पर 3-0 से कब्जा करना चाहेगी। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान की टीम इस सीरीज में क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी।

जहां एक तरफ तीसरे मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है तो वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान टीम में बदलाव हो सकता है। तीसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तानी खिलाड़ी सैम अयूब अपना इंटरनेशनल टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं। सैम अयूब पाकिस्तान के लिए टी20 इंटरनेशनल में पहले डेब्यू कर चुके हैं। सैम अयूब पाकिस्तान के लिए साल 2023 में 8 इंटरनेशनल टी20 मैच खेल चुके हैं। जिसमें उनके नाम 123 रन है। रिपोर्ट्स के मुताबिक तीसरे मैच के लिए पाकिस्तान टीम इमाम उल हक को प्लेइंग इलेवन से बाहर करके सैम अयूब को खिला सकती है। सैम अयूब ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी काफी शानदार प्रदर्शन किया है। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैच पाकिस्तान की टीम अभी तक हार चुकी है। दोनों मैचों में पाकिस्तान की बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही।

# एकल अभियान से देश विश्व गुरु बनेगा - महाप्राण पुरोहित जी






खिलाड़ियों का हौसला देखते ही बनता था

राजनांदगांव (दावा)। वनवासी क्षेत्र में आदिवासी बच्चों के बीच कार्यरत एकल अभियान द्वारा अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज गायत्री स्कूल के ऑडिटोरियम हॉल में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि वनवासी बाबा परमश्रद्धेय महापुराण पुरोहित ने अपने आशीर्वचन में कहा कि अंग्रेजों ने भारत की गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को समाप्त कर दिया, जिसके कारण धीरे-धीरे अन्य देशों के मुकाबले भारत पिछड़ता गया। एकल अभियान द्वारा वनवासी अंचलों में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली से नन्हें बच्चों को संस्कार, शिक्षा और धर्म से के साथ राष्ट्रीय मुख्य विचारधारा में जोड़ने का कार्य एकल अभियान कर रहा है, जिसके कारण देश की अनेकों समस्याएं स्वमेव ही समाप्त हो जाएगी और देश पुनः विश्व गुरु बनेगा। कार्यक्रम में एकल अभियान के प्रांत अध्यक्ष नंदकिशोर सुरजन एवं ग्राम स्वराज मंच के संयोजक कोमल सिंह राजपूत एवं युवा इकाई के अध्यक्ष पवन पटेल ने संबोधित किया। इस अवसर पर वनबंधु परिषद से महिला समिति की नीलम सिंह एवं हरिकथा योजना के मावजी भाई पटेल रायपुर से उपस्थित थे।

मंच पर गायत्री परिवार के सचिव गगन लड्डा, प्रेम शंकर द्विवेदी एवं शिक्षा समिति के प्रांत संयोजक रवि सिन्हा, मातृशक्ति की अध्यक्ष संध्या अग्रवाल एवं श्रीमती सुषमा सुरजन भी विशेष रूप से उपस्थित थी। खेलकूद संपन्न कराने में अनिल डागा एवं प्रसन्न नेरकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके पूर्व भारतमाता एवं स्वामी विवेकानंद के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, सर्वप्रथम अतिथि परिचय संभाग सचिव अमर लालवानी ने कराया। तत्पश्चात प्रस्तावना अभ्युदय यूथ क्लब के संयोजक निकुंज अग्रवाल ने रखी। कार्यक्रम का सफल संचालन एकल अभियान के सेवावर्ती धनराज मंडावी ने किया एवं आभार प्रदर्शन सहसंयोजक राजा मखीजा ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेल भावना एवं देश के लिए खेलने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व डीआईजी राधेश्याम नायक ने संबोधित करते हुए खेल का विधिवत्त शुभारंभ का आह्वान किया तत्पश्चात ध्वजारोहण के बाद खेल शुरू हुआ।

वनांचल क्षेत्र से नन्हें खिलाड़ियों द्वारा पहली बार शहर आने पर उनका उत्साह देखते ही बनता था, जबरदस्त कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए दंतेवाड़ा बस्तर एवं सरगुजा, मानपुर मोहला, बिलासपुर, कोरबा से आए बच्चों ने खेलकूद में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें प्रमुख रूप से कबड्डी प्रतियोगिता कुश्ती प्रतियोगिता एवं योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रथम आचार्य भाई हर्षित कुमार गुर्जर सूरजपुर अचल ने प्राप्त किया, इसी प्रकार प्रथम आचार्य बहन किरण ठाकुर महासमुंद अंचल से रही। लंबी कूद में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सिमरन मरकाम महेंद्रगढ़ ने प्राप्त किया, बालक वर्ग में प्रथम स्थान किशन नाग कोंडागांव अंचल ने प्राप्त किया, इसी प्रकार कुश्ती में 45 किलो वर्ग में प्रथम स्थान अर्जुन धीवर बिलासपुर एवं द्वितीय स्थान हरपाल कुनकुरी रहे। 48 किलो वर्ग में प्रथम स्थान जय किशन रायगढ़ ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान किशोर कुमार नयापारा रहे।

51 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान रोशनराम कुनकुरी द्वितीय स्थान जय सिंह राजपूत रहे। बिलासपुर 55 किलो वर्ग ग्राम में प्रथम स्थान विक्रम सिंह सूरजपुर ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान हमित कुमार नयापारा रहे। कबड्डी प्रतियोगिता देर रात तक जारी थी, जिसके परिणाम आना बाकी था।

## जीवन गौरव सम्मान समारोह कार्यक्रम



कलकसा (दावा)। धम्मगुरू धम्मदूत श्रद्धेय पूज्य भदंत संघरत्न मानके (राष्ट्रीय अध्यक्ष पञ्ञा मेत्ता संघ, भारत) को जापान के सबसे बड़े संघराज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जीवन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है, भिक्खु जीवन के कर्तव्य एवं जापान भिक्खु संघ के महत्वपूर्ण पद को विभूशीत कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने पर पूज्य भदंत जी को अन्तर्राष्ट्रीय जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पहला जापानी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है। जिसे जापान देश के अलावा किसी दूसरे देश के भिक्खु को प्रदान किया गया है।

जापान देश से अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात पूज्य भदंत जी पहली बार डोंगरगढ़, प्रज्ञागिरी आगमन पर समस्त बौद्ध समाज नागसेन बुद्ध विहार एवं पञ्ञा मेत्ता संघ यूथ, प्रज्ञागिरी डोंगरगढ़ सत्कार समारोह का आयोजन किया है, जिसमें डोंगरगढ़ एवं सभी समाज के शान्तिप्रिय जनता को आमंत्रित किया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक आयुष्मती हर्षिता स्वामी बघेल का सम्मान किया जाएगा, मुख्य अतिथि आयुष्मान नवाज खान भाई (अध्यक्ष-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादीत, राजनांदगांव), आयुष्मान विवेक वासनिक (अध्यक्ष राजगामी संपदा,राजनांदगांव), विशिष्ट अतिथि आयुष्मान आशीष कुंजाम (अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़), आयुष्मान बालेश्वर चौरे(समाज सेवी, भिलाई), आयुष्मान सत्यपाल खोब्रागढ़े (एडवोकेट, राजनांदगांव), आयुष्मान मुन्नालाल नंदेश्वर (अध्यक्ष नागसेन बुद्ध विहार, डोंगरगढ़, क्रीड़ा अधिकारी नेहरू महाविद्यालय, डोंगरगढ़), आयुष्मान विजय बोरकर (समाजसेवी, दुर्ग), आयुष्मान डॉ. मनोज गजभिये (अध्यक्ष- पञ्ञा मेत्ता संघ प्रज्ञागिरी, डोंगरगढ़), आयुष्मान एच. के.आजाद (रेल्वे लोको पायलेट, समाजसेवी, डोंगरगढ़) एवं समस्त माननीयगण सम्मानीयगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम 31 दिसंबर को नागसेन बुद्ध विहार, कालकापारा डोंगरगढ़ में शाम 5:30 बजे आयोजित किया गया हैं, जिसमें आप सभी अनुवाई की उपस्थिति की अपील किया जाता है।

## भगवान श्री रामचंद्र का जीवन चरित्र हम सबके लिए प्रेरणादाई - भोलाराम साहू

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू रामायण के उद्घाटन में अम्बागढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम मरारटोला, दाउटोला में आयोजित रामायण में पहुंचकर जनमानस को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि रामायण को एक मनोरंजन का साधन न बनाए रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने जो राम चरितमानस का लेखन किया है। जो राम भगवान का जीवन के बारे में बताया गया है उनको अपने जीवन में उतारे। राम भगवान जब 14 साल का बनवास हुआ तब अयोध्या के राजा राम कहलाएं जब 14 साल बाद वनवास काटकर जब आयोध्या पहुंचे तो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम कहलाएं जनमानस को अपने संबोधन में साहू जी ने आगे कहा कि राम भगवान ने जो भगवान रहते हुए भी इतने कष्ट सहे उसके बाद भी अपने मर्यादा को नहीं छोड़े इस प्रकार जीवन में कभी उतार चढ़ाव होता है तो अपने आप को कमजोर न समझे और संघर्ष करते रहें, एक दिन सफलता जरूरी मिलती है।

इस अवसर पर लाल चंद साहू जिला कांग्रेस कमेटी सचिव राजनांदगांव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री बेनी प्रसाद साहू, राम साहू संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, लाउत्रे सरपंच, जीत लाल, लोभास चंद्रवंशी, चिल्हाटी टी आई, भैया लाल महादेव, परहेराम गांव के प्रतिष्ठित बंधु जन एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पाटनखास चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम केशाल डबरी में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन



*0 चलित थाना एवं सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम केशाल डबरी में जन चौपाल लगाकर सुनी गई लोगों की समस्याएं*

*0 पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पहल*

मोहला (दावा)। श्रीमान पुलिस अधीक्षक मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी श्रीमती रत्ना सिंह (भा. पु. से ) के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय नक्सल ऑपरेशन मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी प्रशांत कतलम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी अर्जुन कुर्रे के मार्गदर्शन पर आज दिनांक 29 दिसंबर को सुग्घर जन सुरक्षित मोहला अभियान सामुदायिक पुलिसिंग जागरूकता अभियान के तहत चलित थाना एवं सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम केशाल डबरी ग्राम पंचायत टाटेकसा में जन चौपाल लगाकर की गई।

बैठक में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी और उससे बचने के तरीके क्या हैं। टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में बताया गया तथा मानव तस्करी, महिलाओं एवं बच्चों के उत्पीड़न से संरक्षण संबंधित कानून एवं अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगिता, नशीली पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बता कर उसका उपयोग नहीं करने की समझाइस दी गई तथा गांव में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी थाने में देने को कहा गया।

## प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति (पीव्हीटीजी) बैगा बसाहटो में लग रहा चौपाल

**खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के विकासखंड छुईखदान मे विशेष पिछड़ी जनजाति (पीव्हीटीजी) बैगा निवासरत गांव/बसाहटों में अभियान चलाकर सर्वे कार्य किया जा रहा है।**



कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी, ब्लॉक नोडल एवं ग्राम पंचायत के समन्वय से सर्वे और सत्यापन कार्य हेतु चौपाल, शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छुईखदान के कोपरो पंचायत में चौपाल लगाया गया। जिसमें बैगा परिवारों को शासन की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। ऐसे बैगा हितग्राही जो पात्र है उन्हें संबंधित विभाग के माध्यम से तत्काल दस्तावेज प्राप्त भी किया जा रहा है। सामुदायिक मूलभूत सुविधाओं का चिन्हांकन कर सभी बैगा बसाहट ग्रामों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की कार्ययोजना भी बनायी जा रही है। प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत पक्का आवास, पेयजल, पक्की सड़क पहुँच मार्ग, आंगनबाड़ी, एमपीसी, बिजली कनेक्शन के साथ साथ, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, आधारकार्ड, किसान सम्मान निधि, बैगा अनुदान इत्यादि से शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाना है।

बैगा परिवारों को पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे अब उनको एक स्थायी निवास मिल पायेगा। बैगा परिवारों को आवास उपलब्ध कराने हेतु लगातार अभियान चलाकर जनपद स्तर के अधिकारी, कर्मचारी के साथ-साथ सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और ग्राम पंचायत बॉडी सत्यापन कार्य को कर रहे है ताकि समय सीमा मे यह कार्य पूर्ण हो सकें।

## घुमंतू समुदायों की भाषिक संपदा पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी









### डॉ.पीसी लाल यादव का हुआ व्याख्यान

गंडई पंडरिया (दावा)। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति परिषद भोपाल की ओर से जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी भोपाल द्वारा घुमन्तू समुदायों की भाषिक सम्पदा विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से पैंतीस शोधार्थियों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

24 से 26 दिसंबर तक ऐतिहासिक नगरी मांडवगढ़ में आयोजित इस शोध संगोष्ठी का उद्घाटन पद्मश्री अन्विता अब्बी नई दिल्ली के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता अकादमी के निदेशक डॉ.धर्मेंद्र पारे ने की। द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के सुपरिचित साहित्यकार व संस्कृति कर्मी डॉ.पीसी लाल यादव ने की और अपना व्याख्यान दिया। डॉ.पीसी लाल यादव ने छत्तीसगढ़ की घुमन्तू जाति देवार की भाषिक सम्पदा पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि देवार बड़ी कला प्रवीण जाति है और उनकी भाषा भी बडी समृद्ध है। देवार जाति की भाषा जन सामान्य की भाषा से भिन्न है। वैसे तो ये सामान्य लोक व्यवहार में छत्तीसगढ़ी भाषा का ही प्रयोग करते हैं। किंतु जब एक देवार दूसरे देवार या अपने समाज के लोगों से बात करता है, तब उनकी बोली में बड़ा फर्क दिखाई पड़ता है। ये सांकेतिक शब्दों और कूट शब्दावलियों का प्रयोग करते हैं। जिसे अन्य भाषा-भाषी नहीं समझ पाते। डॉ.पीसी लाल यादव ने घुमन्तू जाति देवारों के लोकगीत, लोकगाथा व लोकनाट्य की सोदाहरण प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समापन समारोह के अवसर पर डॉ.पीसी लाल यादव को पद्मश्री गिरीश प्रभुणे पुणे, प्रो.मौली कौशल अहमदाबाद व निदेशक डॉ.धर्मेंद्र पारे ने पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ.पीसी लाल यादव की इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों, साहित्यकारों व लोक कलाकारों ने बधाइयां प्रेषित कर शुभकामनाएं दी हैं।

## अजाक्स छुरिया ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष बने राजेन्द्र लाड़ेकर



छुरिया(दावा)। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ की जिला इकाई की बैठक स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक शाला छुरिया में आज दिनांक 30 दिसंबर को संपन्न हुई। बैठक मे सर्वसम्मति से शिक्षक राजेन्द्र लाड़ेकर को अजाक्स की ब्लॉक छुरिया इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

प्राचार्य सदाशिव सलामे को सचिव तथा व्याख्याता कन्हैया राम टेमरे को उपाध्यक्ष बनाया गया। उक्त मनोनयन जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे ने किया। अजाक्स छुरिया ब्लॉक इकाई के पूर्व अध्यक्ष लालसिंग ऊइके ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हें कार्य दायित्व सौंपा। जिला अध्यक्ष ने पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लालसिंग ऊइके को संरक्षक मनोनीत किया। बैठक में जिला पदाधिकारियों मे राजकुमार नागदेवे, दिनेश सुधाकर, भूषण भूआर्य, ठाकुर राम चंद्रवंशी, प्रसाद सुखदेवे, प्रदीप रामटेके, तिलक राम खांडे उपस्थित हुए। ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के पदाधिकारी अमिताभ दुपारे, मनीष बडोले, मुकेश कांडे उपस्थित हुए।

बैठक में पेंशनर्स एसोसिएशन से सेवानिवृत्ति शिव प्रसाद टेमरे, के.आर.साहू और धीरज राम टेकाम उपस्थित हुए। बैठक का संचालन गांधी टांडिया तथा आभार प्रशांत सुखदेवे ने व्यक्त किया। जिला पदाधिकारीयो ने अपने उद्बोधन में अजाक्स संघ को मजबूत कर समाज की विषमता को दूर करने संघर्ष करने का आह्वान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र लाड़ेकर ने बताया कि जल्द ही अजाक्स छुरिया ब्लॉक इकाई की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

## कमला कॉलेज के गृहविज्ञान विभाग द्वारा ललित कला प्रतियोगिता का आयोजन



राजनांदगांव(दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में 20 दिसंबर को ललित कला प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, मेहंदी केश सज्जा, गिफ्ट पैकिंग, वेस्ट एंड बेस्ट, ग्रिटिंग कार्ड, पूजा की थाली इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की सभी संकाय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके अंतर्गत गिफ्ट पैकिंग में प्रथम स्थान उन्नति रामटेके बीए होम सांइस तृतीय वर्ष, वेस्ट एंड बेस्ट में प्रथम स्थान मिली कोरी बीएससी होम सांइस प्रथम वर्ष, ग्रिटिंग कार्ड में प्रथम स्थान एकता टेम्बुरकर बीए प्रथम वर्ष, हेयर स्टाईल में प्रथम स्थान एकता टेम्बुरकर बीए प्रथम वर्ष, पूजा की थाली में प्रथम स्थान मिरल मुंदरा बी. कॉम प्रथम वर्ष, मेहंदी में प्रथम स्थान पलक मेहर बी. कॉम प्रथम वर्ष, रंगोली में प्रथम स्थान देवहूती बीएससी होम सांइस द्वितीय वर्ष रही। निर्णायकगण के रूप में डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ. एचके गरचा, डॉ. जीपी रात्रे, डॉ सुषमा तिवारी, डॉ. केके द्विवेदी, डॉ. निवेदिता ए. लाल, डॉ. बृजबाला उइके, श्रीमती रामकुमारी धुर्वा, डॉ. युगेश्वरी साहू, श्रीमती नंदनी चन्द्रवंशी, डॉ. दुर्गा शर्मा, श्रीमती शैलजा तिवारी, करूणा वर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन डॉ. रेनु त्रिपाठी, डॉ. अर्चना खरे, कु. गीता साहू, श्रीमती शानवी, कु. प्रिया तलरेजा के द्वारा किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों का सहयोग रहा।

## अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ द्वारा किया गया सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान





### गोण्डवाना भवन अंबागढ़-चौकी में किया गया समारोह आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा रविवार 24 दिसम्बर को गोण्डवाना भवन अंबागढ़ चैकी में सेवानिवृत्त होने वाले आदिवासी समाज के अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुखों के द्वारा अभी हाल में ही सेवानिवृत्त होने वाले समाज के शासकीय सेवकों का समाज के प्रति योगदानों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक रामजी लाल ठाकुर, केआर आर्य, आर के परतेती, देव प्रसाद नायक, ज्ञान सिंह कंवर, पनकु राम खरे, एचएल ठाकुर, नीतराम पुराम सहित अभी हाल में ही केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल से स्वेच्छिक सेवानिवृत्त लेने वाले पवन तुलावी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीएल भुआर्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद गोटे ने किया।

इस अवसर पर समाज प्रमुखों ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को उनके सुदीर्घ, यशस्वी जीवन तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कार्यक्रम का संचालन शासकीय सेवक संघ के ब्लॉक सचिव राम ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में गोण्डवाना समाज के तहसील अध्यक्ष संत कुमार नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भुआर्य, गोंड समाज के ब्लाक अध्यक्ष दरोगा नेताम, सचिव रमेश आंचला, बिहारी लाल मरकाम, ललित सलाम सहित अन्य समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाया जा रहा-सांसद संतोष पाण्डे

## भारत सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पहुंच रही

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन विकासखंड छुरिया के ग्राम रंगीटोला पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया।

वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया और चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि जैसी अनेक लोककल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। इस



विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन पहुंची ग्राम रंगीटोला

कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान सांसद श्री पाण्डे ने विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी ने शपथ दिलाई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत सीधे संवाद कर प्रतिक्रिया जानी गई। धरती कहे पुकार के कार्यक्रम के तहत पर्यावरण सरंक्षण व जैविक खेती को बढ़ावा देने स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड डेमोट्रेशन एवं प्रगतिशील किसानों के साथ जैविक कृषि पर बातचीत कर जैविक कृषि को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। क्विज प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को टी-शर्ट पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों व उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। स्टॉल के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया और योजना अन्तर्गत हितग्राहियों से आवेदन भी प्राप्त किए गए।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्वला योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को गैस-चूल्हा का वितरण किया। ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और वितरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया। इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, रविन्द्र वैष्णव, चन्द्रिका डडसेना, संजय सिन्हा, सरपंच, पंचायत पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम डोंगरगांव अश्वन पुसाम, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया एसके ओझा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया आसराम कंवर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मोहित पडोती एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ऑनलाईन क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने वालों पर की गयी कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में अवैध गांजा-शराब बिक्री, जुआ-सट्टा तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत 30 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि बजरंगपुर-नवागांव वार्ड निवासी लीलाराम वर्मा अपने दोस्तों के साथ मिलकर मोबाईल फोन के माध्यम् से क्रिकेट मैच में ऑनलाईन सट्टा जुआ खेला रहा है।




सूचना पर हमराह स्टाफ के लीलाधर वर्मा के घर के सामने दबिश देकर आरोपी लीलाधर वर्मा को पकड़कर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने दोस्त धीरज साहू, सचिन साहू, धर्मेन्द्र साहू के साथ मिलकर 6 माह पूर्व से ऑनलाईन एप से आईडी लेकर क्रिकेट मैच में रूपये-पैसों का दांव लगाकर सट्टा खेलना बताये जिस पर आरोपी लीलाधर वर्मा से 2 नग मोबाईल व नगदी रकम 2000 रूपये, आरोपी धीरज साहू से 1 नग मोबाईल व नगदी रकम 500 रूपये, आरोपी सचिन साहू से एक नग मोबाईल व नगदी रकम 800 रूपये, आरोपी धर्मेन्द्र साहू से एक नग मोबाईल व नगदी रकम 700 रूपये को जप्त किया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6, 7 का घटित करना पाये जाने से आरोपीगण लीलाधर वर्मा पिता स्व. जैनलाल वर्मा, उम्र 37 साल, धीरज साहू पिता खिलावन साहू, उम्र 24 साल, धमेन्द्र साहू पिता धन्नुराम साहू, उम्र 31 साल, सचिन साहू पिता समय लाल साहू, उम्र 27 साल सभी निवासी बजरंगपुर-नवागांव, पुलिस चौकी चिखली, जिला राजनांदगांव छग को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उपनिरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, उनि संजय बरेठ थाना कोतवाली, सउनि शत्रुहन टंडन, प्रधान आरक्षक संतोष मिश्रा, आरक्षक राजकुमार बंजारा, लकेश्वर निराला, नागेश्वर साहू, बीरबल सिंह, हीरासिंह, महिला आरक्षक कौशिल्या साहू, आरक्षक नेमसिंह, जयसिंह, थाना कोतवाली एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के 4 खिलाड़ियों का चयन राज्य की टीम में



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा विगत दिनों कर्नल सी के नायडू ट्रॉफी अंडर 23 हेतु छत्तीसगढ़ टीम की घोषणा की है। बीसीसीआई द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण ट्रॉफी में विभिन्न राज्यों की टीमों के साथ छत्तीसगढ़ का मुकाबला 7 जनवरी से प्रारंभ होकर 14 फरवरी तक होगा। छत्तीसगढ़ का पहला मैच तमिलनाडु के साथ सेलम तमिलनाडु में होगा।

चार दिवसीय लीग आधार पर होने वाली इस ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ को एलीट ग्रुप में तमिलनाडु, गोवा, रेलवे आंध्र, केरला एवं राजस्थान के साथ रखा गया है। लीग आधार पर होने वाली इस ट्रॉफी में विजेता टीम सेमी फाइनल खेलने हेतु पात्रता हासिल कर लेगी। छत्तीसगढ़ की इस टीम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के चार खिलाड़ियों ने अपना स्थान बनाया है।

### राजनांदगांव के आरिन द्विवेदी

हर्ष साहू, दीपक यादव एवं विकल्प तिवारी ने अपने शानदार खेल से इस टीम में अपना स्थान पक्का किया है। दीपक यादव इस टीम के उप कप्तान होंगे। चारों ही खिलाड़ियों का चयन होने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन शाखा, राजनांदगांव की ओर से कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने जा रहे है, जो कि हमारे गृहमंत्री अमित शाह ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हमारे ड्रायवर भाईयों के लिए जो काला कानून निकला है कि 10 साल की सजा एवं 7 लाख का जुर्माना किया गया है, उसके अनुरूप में छ.ग. ड्रायवर महासंगठन शाखा राजनांदगांव जो कि ज्ञापन देने कलेक्टर पहुंचे।

राजनांदगांव जिले के सभी ड्रायवर से अपील करता है कि इस काला कानून के विरोध में आप सब ड्रायवर भाई कलेक्टर परिसर में 10.30 बजे अपना उपस्थित दे चाहे वे संगठन से जुड़े रहे या ना रहे सभी को पहुंचना अनिवार्य है।

# यातायात पुलिस ने स्कूली बसों का मैकनिकल एवं फिटनेस चेक किया




राजनांदगांव (दावा)। यातायात पुलिस द्वारा 18 स्कूली बसों का मैकनिकल एवं फिटनेस चेकिंग कर यातायात नियमों एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने हेतु समझाईश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात हेमप्रकाश नायक के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा शहर के युगांतर पब्लिक स्कूल, गुरूनानक स्कूल एवं वेसलियन स्कूल की कुल 18 बसों का मैकेनिकल एवं फिटनेस चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देश फिटनेस, परमिट, स्पीड, सीसीटीव्ही कैमरा, अन्य 16 कंडिकाओं में चेकिंग किया गया और यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश दिया गया, साथ ही वाहन चालकों का भी नेत्र परीक्षण करवाया गया। इस कार्यवाही के दौरान आर.टी.ओ. के निरीक्षक डोमेन्द्र चुरेन्द्र, मिथलेश महार, विपिन मेहर, संतोष गरदे एवं यातायात पुलिस के निरीक्षक अजय खेश, सउनि एन. लाल, सउनि कुंजलाल एवं अन्य स्टाफ के साथ-साथ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही।

# बसंतपुर वार्ड में आज निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर वार्ड में में अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि से आए अक्षत चावल का पूर्ण भव्यता से डीजे एवं प्रभु श्री राम के बाल्य चित्र के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। समस्त क्षेत्रवासी अक्षत कलश की शोभायात्रा हेतु सादर आमंत्रित हैं। यात्रा का शुभारंभ 1 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से न्यू गंज मंडी, हनुमान मंदिर, बसंतपुर से किया जाएगा, जहां से यात्रा संपूर्ण वार्ड में जाएगी। उक्त जानकारी श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के सह संयोजक (बजरंग दल, जिला संयोजक) सुनील सेन ने दी।




# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने विधानसभा अध्यक्ष बनने पर डॉ. रमन सिंह को बधाई दी

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश बिसने ने बताया कि 30 जनवरी दिन शनिवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में जिला भाजपा एवं मंडल भाजपा ने रायपुर निवास पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।



इस अवसर पर मुख्यरूप से जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पदाधिकारी महामंत्री दिलीप साहू, पवन निर्मलकर, श्यामलाल वर्मा, योगेश देवांगन, प्रियंक सोनी, गप्पू सोनकर, विजय कुमार सिन्हा, दिनेश वैष्णव, तामेश्वर साहू, भीष्म देवांगन, संतोष निर्मलकर, हेमा सेंगर, मधू वर्मा, नंदनी सेंगर, पुनम साहू, अंबर साहू, सतीस धीवर, संदीप सोनी, अंकित पटेल, राकेश साहू, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल से सोहन साहू, रोशन साहू, दिनेश साहू, जीवन वर्मा, ललित यादव, सृकृत साहू, डिगेश सिन्हा, लालराम देवांगन एवं जिला व मंडल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जंगलपुर में आज से भागवत

राजनांदगांव (दावा)। शहर से डोंगरगांव रोड पर 9 किलोमीटर दूर ग्राम जंगलपुर में 1 जनवरी से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ आयोजित है 9 जनवरी तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ में व्यास पीठ के कथावाचक पंडित सतानंद अर्जुनी सुखरी वाले महाराज होंगे पारायण पंडित शुभम चौबे करेंगे। समस्त ग्राम वासियों द्वारा मिलजुलकर कराए जा रहे आयोजन में कथा का समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक रहेगा। यह जानकारी देते हुए सरपंच घनश्याम साहू और सक्रिय कार्यकर्ता केवल साहू ने अधिक से अधिक धर्म प्रेमियों को इस अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।
















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com